# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच


शनिवार, 28 जून, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 174, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 84,000 के पार

शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। } 14

## एमएसएमई की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एमएसएमई के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। } 14



### संक्षेप

## भारत के साथ होने वाला है बहुत बड़ा समझौता : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ।

## घाटी में तीन आतंकियों की तलाश जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के एक जंगली इलाके में शुक्रवार को पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी मारा गया और उसके तीन सहयोगी बसंतगढ़ के जंगली इलाके में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से आज सुबह अभियान फिर से शुरू हुआ और समूह के शेष आतंकवादियों को खत्म करने के लिए घेराबंदी को और मजबूत किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'बसंतगढ़ में जारी अभियान के दौरान कल सुबह करीब साढ़े आठ बजे आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। खराब मौसम के कारण अभियान में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इस समूह में चार आतंकवादी शामिल थे।

## टैंकर की टक्कर से तीन की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र में तेज गति से जा रहे एक टैंकर ने सड़क के किनारे खड़े सात लोगों को कुचल दिया जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना कटरा क्षेत्र में फील नगर गांव के पास बृहस्पतिवार की रात सड़क के किनारे एक कार सवार अपनी कार रोक कर, परिचित मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों से बातचीत कर रहे थे, तभी शाहजहांपुर की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार टैंकर ने इन लोगों को कुचल दिया।

# जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ पुरी में हजारों लोगों ने खींचा रथ

एजेंसी

पुरी। ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को रथ यात्रा उत्सव का मुख्य भाग शुरू होने के साथ ही हजारों लोगों ने भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के रथों से जुड़ी रस्सियों को श्री गुंदेचा मंदिर की ओर खींचा।

श्री गुंडिचा मंदिर, 12वीं सदी के भगवान जगन्नाथ मंदिर से करीब 2.6 किलोमीटर दूर है। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र के रथों को खींचने वालों में शामिल थे। जय जगन्नाथ और हरिबोल के उद्घोष तथा झांझ-मंजीरे, तुरही और शंख की ध्वनि के बीच सबसे पहले शाम चार बजकर आठ मिनट पर भगवान ...शेष पृष्ठ 14 पर



## अहमदाबाद में हाथी ने मचाया उत्पात

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथ यात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आर के साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा अपने निर्धारित मार्ग पर सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर



# पिछली सरकारों ने की उद्यमियों की उपेक्षा

○ विश्व एमएसएमई दिवस पर सीएम योगी ने की कई नयी पहल, ○ उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए यूथ अड्डा का लोकार्पण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों की उपलब्धि जातीय संघर्ष करा कर परिवारवाद के नाम पर एक जनपद एक माफिया देने की रही है। इसके चलते जनता के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा कि यूपी ने 24 जनवरी 2018 में पहली बार अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया। 1950 में यूपी की स्थापना होने के बाद से लेकर 2018 तक कभी प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन नहीं हुआए क्योंकि पिछली सरकारों को जातीय संघर्ष कराने और इसके आधार पर प्रदेश को पहचान का संकट खड़ा करने से फुरसत ही नहीं थी। वे सब अपने परिवार के लिए कार्य कर रहे थे, प्रदेश से उनका कोई मतलब नहीं था। मुख्यमंत्री ने यूथ अड्डा का लोकार्पण किया, जिसे यूपीकॉन द्वारा नवाचार और ...शेष पृष्ठ 14 पर




## मुख्यमंत्री ने आयुष विवि में राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों का सघन जायजा किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो महामहिम राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए।

पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु एक जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इस विश्वविद्यालय परिसर का हवाई सर्वेक्षण, स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से पूरे परिसर को देखने के बाद हेलिपैड पर उतरते ही सबसे पहले पंडाल की तरफ रुख किया। इस दौरान...शेष पृष्ठ 14 पर

## चार परियोजना प्रबंधक व तीन अवर अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने एक बार फिर लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। इस बार परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं सीएम योगी ने उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि लापरवाह अधिकारियों के कार्य में कार्रवाई के बाद भी सुधार नहीं आता हैए तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समय-समय पर योजनाओं की प्रगति को लेकर विभागीय समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में हाल ही में योजना के परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान परियोजना प्रबंधक और अवर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मलिहाबाद में एक घर से भारी मात्रा में असलहे बरामद

### मामले में लगातार छानबीन जारी, मिले 158 कारतूस



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पुलिस ने मलिहाबाद इलाके के एक घर में संचालित अवैध असलहा फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां से अलग-अलग बोर के 158 कारतूस, तीन पिस्टल, तमंचा, रायफल, सात एयरगन समेत हथियार बनाने के उपकरण आदि बरामद किये हैं। पुलिस ने अवैध असलाह फैक्टरी संचालक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त उत्तरी, गोपाल चौधरी ने शुक्रवार को यहां एक पत्रकार वार्ता में बताया कि मलिहाबाद के मिजार्गंज निवासी सलाऊद्दीन उर्फ लाला के घर पर अवैध ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बंगाल : छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय (कॉलेज) की प्रथम वर्ष की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र और दो वरिष्ठ छात्रों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया भी चल रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने 25 जून की शाम को हुई इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए कोलकाता पुलिस से तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करने को कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उपराष्ट्रपति का राज्य भ्रमण प्रेरणास्पद : धामी

### लक्ष्य केवल स्वार्थ का नहीं, राष्ट्र और मानवता के हित में हो : धनखड़

प्रमुख संवाददाता

हल्द्वानी/नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का राज्य भ्रमण न केवल प्रेरणास्पद रहा, बल्कि इससे उत्तराखंड को एक नई ऊर्जा, उत्साह और दिशा प्राप्त हुई है। आर्मी हेलीपैड, हल्द्वानी में उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की और उनके मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। वहीं, नैनीताल स्थित ऐतिहासिक शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें बिना शर्त राष्ट्रवाद को अपनाना होगा। भारत एक विशिष्ट और गौरवशाली सभ्यता है जिसकी पांच हजार वर्षों की सांस्कृतिक विरासत हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज, मानवता और राष्ट्र की सेवा उसका आधार होना चाहिए। इतिहास उन्हीं को याद रखता है, जिन्होंने अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित किया। उपराष्ट्रपति ने शिक्षा की ...शेष पृष्ठ 14 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.04 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- एक लाख जोड़ों का विवाह करायेगी सरकार (पृष्ठ-02)
- पशुपतिनाथ मंदिर व जाहरवीर का होगा विकास (पृष्ठ-02)
- बांग्लादेश से जूट उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध (पृष्ठ-14)
- 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में देश का चालू खाता(पृष्ठ-14)
- ईएसआईसी बढ़ायेगी कर्मचारी राज्य बीमा का दायरा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** आतंकवाद के संदर्भ के बिना एससीओ का घोषणापत्र भारत को स्वीकार्य नहीं, सही था रक्षा मंत्री का दृष्टिकोण

# आतंकवाद पर भारत का रुख बिल्कुल स्पष्ट : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को पाकिस्तान का नाम लिये बिना कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के घोषणापत्र में भारत आतंकवाद का उल्लेख चाहता था लेकिन एक सदस्य देश को यह स्वीकार्य नहीं था।

जयशंकर ने कहा कि इस मामले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दृष्टिकोण सही था क्योंकि एससीओ का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना है और इस संदर्भ (आतंकवाद पर भारत की चिंता) के बिना सिंह ने परिणामी दस्तावेज को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सिंह ने बृहस्पतिवार को पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं पर स्पष्ट रूप से ध्यान नहीं देने पर एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि सिंह ने रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में आतंकवादी हमले को बयान में शामिल करने की मांग की जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों पर एक पैराग्राफ रखने पर जोर दिया, जो नयी दिल्ली को जिम्मेदार ठहराने का स्पष्ट प्रयास था। जयशंकर ने सिंह के रुख के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा कि आम सहमति से चलने वाले एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना है। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्रियों की बैठक के घोषणापत्र पर चर्चा में एक देश ने कहा कि नहीं, हम इसका संदर्भ नहीं चाहते हैं। आप अनुमान लगा सकते हैं कि कौन सा देश रहा होगा। जयशंकर ने कहा कि एससीओ सर्वसम्मति से चलता है लेकिन जब एक देश ने कहा कि वह आतंकवाद का कोई उल्लेख स्वीकार नहीं करेगा तो सिंह ने कहा कि घोषणापत्र भारत को स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने का मुद्दा आपातकाल के दौरान हुए एक समझौते से उपजा है, जिसके तहत कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में मछली पकड़ने के अधिकार भारत ने छोड़ दिए थे। जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यदि उस समय वास्तविक संसद काम कर रही होती तो श्रीलंका के साथ यह समझौता नहीं होता। उन्होंने कहा कि उस समय कभी-कभी बिना किसी संसदीय चर्चा के बड़े फैसले ले लिए जाते थे। विदेश मंत्री ने कहा, हम श्रीलंका द्वारा हमारे मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने के बारे में सुनते रहते हैं।



## ईरान-इजराइल से वापस लाये गये 4,400 से अधिक भारतीय

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए 18 जून को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंधू के तहत 19 विशेष उड़ानों के जरिए अभी तक 4,400 से अधिक भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान से निकाले गए 173 भारतीयों का एक नया जत्था बृहस्पतिवार देर रात आर्मेनिया की राजधानी येरवन से एक उड़ान के जरिए दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में ऑपरेशन सिंधू के बारे में पूछे गए प्रश्नों के जबाब में कहा कि नयी दिल्ली जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन कर रही है और इसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा कि अभियान को जारी रखा जाए या नहीं। प्रेस वार्ता के दौरान उनके द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत के बाद से अब तक ईरान से 14 उड़ानों के जरिए 3,400 से अधिक भारतीय नागरिकों को निकाला जा चुका है। बाद में जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में येरवन से विमान के आने के बाद इन देशों से अब तक निकाले गए लोगों की अद्यतन संख्या साझा की।

# यूपी में अब अधिकतम चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा और अधिकतम चार घंटे में यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दुख की घड़ी में परिजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम के लिये नये दिशा निर्देश जारी किया है। प्रदेश भर के पोस्टमार्टम हाउस में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे में करना होगा। जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं, वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गयी है, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। स्वास्थ्य महकमा संभाल रहे उप मुख्यमंत्री पाठक के हवाले से बयान में कहा गया है कि सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए और जल्द से जल्द शव के साथ



संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए, दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे।

उन्होंने कहा कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिलाधिकारी व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है। बयान में कहा गया है कि वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से नहीं लिया जाए और कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, पुलिस मुठभेड़, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाए। उन्होंने बताया कि महिला अपराध, दुष्कर्म, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला चिकित्सक अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शव की पहचान के लिए डीएन नमूना का संग्रह जरूर किया जाए।

# मशरूम की खेती से किसानों को आत्मनिर्भर बना रही यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी सरकार मशरूम की खेती को बढ़ावा देकर राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। इस संबंध में चलाए जा रहे विशेष अभियान के कारण राजधानी लखनऊ समेत आठ जिलों में इस व्यवसाय ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत किसानों को मशरूम की खेती से जोड़कर न केवल रोजगार दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें तकनीकी व वैज्ञानिक खेती की ओर भी अग्रसर किया जा रहा है।

मशरूम की खेती केवल पुरुषों तक सीमित नहीं रही, अब महिलाएं भी इस क्षेत्र में मजबूती से कदम रख रही हैं। मथुरा की गीता देवी और हरदोई की सोनाली सभरवाल प्रदेश की महिलाओं के लिए नई प्रेरणा बन गई हैं। गीता देवी ने ढाई साल पहले मशरूम की खेती की शुरुआत की थी। उन्होंने योगी सरकार के सहयोग से एक करोड़ 61 लाख रुपये की परियोजना की नींव रखी। उन्हें 70 लाख रुपये का ऋण मिला। आज वह मथुरा से लेकर आगरा व दिल्ली तक मशरूम की आपूर्ति कर रही हैं। गीता देवी को इस परियोजना से हर साल 20 से 25 लाख रुपये तक की आय हो रही है। दूसरी ओर सोनाली सभरवाल ने भी हरदोई में मशरूम की खेती को एक मिशन के तौर पर अपनाया है।

प्रदेश के आठ जिलों लखनऊ, मथुरा, सहारनपुर, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, रायबरेली, भदोही में मशरूम की खेती को अपनाने वाले किसानों की आय बढ़ी है। राज्य सरकार तकनीकी और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और कृषि अवसंरचना कोष के जरिए किसानों को संसाधन और सहयोग दे रही है। इन योजनाओं से किसान न केवल पारंपरिक खेती से आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि अधिक मुनाफे वाले कृषि व्यवसाय को अपना रहे हैं। किसानों को मशरूम उत्पादन के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के जरिए पूरी तकनीकी जानकारी दी जा रही है।

# सच्चा काम, पक्का काम से बनेगा विकसित भारत : असीम अरुण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हम जो भी काम करें उसे पूरे मनोयोग से करें। काम सच्चा और पक्का होगा तभी भ्रष्टाचार को दूर किया जा सकता है। सच्चा काम, पक्का काम से ही देश विकसित बनेगा। यह बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण

- **संघ की कई मांगों को विभागीय मंत्री ने दी सहमति**
- **समाज कल्याण विकास संघ का दो दिवसिय अधिवेशन सम्पन्न**
- **कार्य में विशेषज्ञता के लिए कर्मियों का शीघ्र कराया जायेगा प्रशिक्षण**

ने शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कहीं। इस मौके पर संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया।

संघ पदाधिकारियों की मांगों और समस्याओं को सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूर्ण किया जाये। कर्मियों के कार्य में और कुशलता लाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिलाए जाने का निर्देश भी मंत्री ने दिया। विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को और जनोपयोगी बनाने की मांग भी संघ द्वारा की गयी, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। संघ द्वारा उठाये गए कैडर रिव्यू के मामले पर मंत्री ने गंभीरता से विचार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

कार्यक्रम में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एस एन यादव, अर्जुन द्विवेदी सहित प्रदेश भर से आए ग्राम विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# वित्तीय समावेशन योजना चलायेगी यूपी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी सरकार वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए अगले माह विशेष संतृप्तीकरण अभियान शुरू करेगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। एक जुलाई से 30 सितंबर, 2025 तक राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाएगा।

केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेवीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि जिन पात्र नागरिकों को अब तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें जोड़ते हुए शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन कर नये बैंक खाते खोले जायेंगे तथा बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। यह अभियान राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसमें सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को धरातल पर साकार किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के महानिदेशक (संस्थागत वित्त) द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान को जिला स्तर पर समग्र नेतृत्व के साथ चलाया जाए तथा ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

# एक लाख जोड़ों का सामूहिक विवाह करायेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 2025 में एक लाख जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को सरकार ने और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितकारी रूप दिया है। सरकार ने इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को सख्त निगरानी और तकनीकी की मदद से लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यापक रणनीति बनाई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सरकार वित्त वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री ने कई बार कहा है कि यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अब योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक इसका फायदा पहुंच सके।

उनका कहना था कि इसके लिए आवेदन प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति तक के सभी चरणों को डिजिटल निगरानी में लाया जा रहा है। अरुण ने बताया कि उपहारों की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है तथा अब कंपनियों का चयन जिला नहीं, बल्कि निदेशालय स्तर से किया जाएगा, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की संभावना को खत्म किया जा सके। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाये रखने के लिए सरकार ने जिलों में पर्यवेक्षक तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में पर्यवेक्षक के रूप में भेजा जाएगा। मंडलीय उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति विवाह समारोहों में अनिवार्य होगी। कार्यक्रम की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक सीधे निदेशालय या मंडलीय उपनिदेशक को रिपोर्ट करेंगे। यह प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी अनियमितता छिप न सके।

# यूपी में भव्य प्रदर्शन करेगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले यूपी आम महोत्सव-2025 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने आयोजन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम प्रदर्शनी, आम व्यंजन प्रतियोगिता, बागवानी नवाचार स्टॉल, किसानों के लिए तकनीकी सत्र तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से पूरी की जाएं। मंत्री ने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश की आम विविधता का भव्य प्रदर्शन करेगा तथा निर्यात, प्रसंस्करण और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में देश-विदेश से निर्यातक, आम उत्पादक, बागवान, वैज्ञानिक और आम प्रेमी भाग लेंगे।

# ब्लॉक मिशन मैनेजरों को विभिन्न विधाओं में मिला प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग ध्संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा संस्थान प्रांगण के विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में महानिदेशक संस्थान एल. वेंकटेश्वर लू के संरक्षण, अपर निदेशक, संस्थान सुबोध दीक्षित के मार्ग निर्देशन व उपनिदेशक डा. नीरजा गुप्ता के प्रशासनिक नियंत्रण में समानान्तर रूप से अद्यतन स्थिति में तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से क्रमशः 23 से 26 जून की अवधि में ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 71 ब्लाक मिशन मैनेजर्स के लिए 4 दिवसीय आवासीय, 'डिटेल्स प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर)' विषयक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 जून, 20 से 26 जून 25 की अवधि में ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कुल 25 ब्लाक मिशन मैनेजर्स के लिए 4 दिवसीय आवासीय, 'एफएनएचएसडब्ल्यू माड्यूल-1 एवं एमआईएस' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत महिला समूहों की दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 25 से 27 जून की अवधि में, कुल 48 ब्लाक मिशन मैनेजर के लिए 3 दिवसीय आवासीय 'मधुमक्खी पालन विषयक' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# भाजपा प्रदेश में घुसपैठिया राजनीति कर रही : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा अपने सेट किये हुए प्लांटेड लोगों के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटने वाली जो घुसपैठिया राजनीति प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है। उप्र का समाज कुछ नकारात्मक लोगों की गलतियों से बँटेगा नहीं बल्कि और भी मजबूत होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज क्या उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है जिस पर दिल्लीवाले भरोसा कर सकें? शायद ऐसा ही है तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षडयंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं। सच तो ये है कि ये लखनऊ वालों के लिए एक ताल ठोंकती चुनौती है कि उप्र को अस्थिर करने के लिए उप्र की सीमा पार से लोग बार बार अंदर आ रहे हैं और प्रदेश का अमन-चैन बिगाड़ कर आराम से वापस चले जा रहे हैं। उप्र की भाजपा सरकार क्या अब अपने प्रदेश की सीमाएं किसी भी अराजक तत्व के लिए खोल देगी। अगर ऐसा है तो उप्र की भाजपा सरकार खुलकर घोषणा कर दे या फिर उन अराजकतावादी तत्वों के तुरंत अपनी पुलिस भेजकर गिरफ़्तार करवाए। अगर ये नहीं हुआ तो कल को उप्र की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए ऐसे और लोग भी आएंगे और उप्र की जनता मान लेगी कि भाजपा सरकार उप्र में कागजी सरकार बनकर रह गयी है, न उसके पास कोई नेतृत्व है और न ही उप्र की कानून-व्यवस्था और यहाँ तक कि शांति के लिए कोई प्रतिबद्धता।



यादव ने उन्होंने कहा कि कुछ गिनती के प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोगों ने तो उस कलाकार को भी नहीं छोड़ा जो अपनी थाप से दुनिया देखता है। उसकी ढोलक छीनकर और उस पर आरोप लगाकर ऐसे नकारात्मक लोगों ने अपने ही समाज की सहानुभूति खो दी है।

हमारे देश की संस्कृति के सच्चे उपासक सदैव सहृदय और करुणा से भरे होते हैं, जो लोग ऐसा करते हैं, वो मानवीय मानकों पर खारिज कर दिये जाने वाले अभारतीय और अमानवीय लोग होते हैं। आज संपूर्ण पीडीए समाज इटावा कथावाचन पीडीए अपमान कांड के हर पीड़ित के साथ अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। पीडीए उत्पीड़न के खिलाफ नई ढोलक की नई गूंज है।

अखिलेश यादव ने कहा पीडीए पीड़ा, दुख और अपमान का त्रिदंश झेलने वाले परंपरागत रूप से उपेक्षित और उत्पीड़ित लोगों के बीच आई नई चेतना और एकजुटता का सामूहिक, सामाजिक, सामुदायिक ऐलान है। उन्होंने कहा कि पीडीए प्रतिशोध की नहीं सोच के परिवर्तन की पुकार है। पीडीए गैर बराबरी को दूर करके समता, समानता, गरिमा, प्रतिष्ठा को सुनिश्चित करनेवाले सकारात्मक-प्रगतिशील सामाजिक न्याय के राज का संकल्पित उद्घोष है।

# सती चौरा और मेसकर घाट को राष्ट्रीय स्मारक किया जाये घोषित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर के सती चौरा घाट पर आयोजित निषाद समाज के स्मृति एवं संकल्प दिवस कार्यक्रम में मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी प्रमुख डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि यह घाट केवल गंगा का किनारा नहीं, बल्कि निषाद समाज के बलिदान,

- **कानपुर के सती चौरा घाट पर आयोजित निषाद समाज के स्मृति एवं संकल्प दिवस कार्यक्रम को किया सम्बोधित**

शौर्य और आजादी की पहली चिंगारी का साक्षी है। 1857 में निषाद नाविकों ने यहां अंग्रेजों को गंगा में डुबोकर मौत दी और ब्रिटिश सत्ता की नींव हिला दी। इसके प्रतिशोध में मेसकर घाट पर सैकड़ों निषादों को बिना सुनवाई फांसी पर लटका दिया गया और 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के जरिये निषाद समाज को जन्मजात अपराधी बताकर अपमानित किया गया।

डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि आज हम संविधान, कलम और वोट के माध्यम से अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, ताकि निषाद समाज को अनुसूचित में आरक्षण, मत्स्य योजनाओं में वरीयता और हर स्तर पर सम्मान दिलाया जा सके। उन्होंने सती चौरा और मेसकर घाट को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने तथा क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट की सच्चाई को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग करते हुए कहा कि निषाद समाज के बच्चों को अपने पूर्वजों के



शौर्य की जानकारी अवश्य दी जाए, ताकि समाज में आत्मगौरव की चेतना जगे और आने वाली पीढ़ियां नेतृत्व के लिए तैयार हों। सभा में डॉ. संजय कुमार निषाद ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा मछुआ समाज के उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज तक पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जा रहा है, तालाबों और जलाशयों का पट्टा वितरण निषाद समाज को प्राथमिकता देकर किया जा रहा है तथा अवैध कब्जों को हटाने और जलस्रोतों की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इटावा कथावाचक विवाद पर मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को पूजा-पाठ करने और करवाने का समान अधिकार देता है, किसी भी जाति को इससे वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वे स्वयं निषाद संस्कृति को मानते हैं और उसे आगे बढ़ाने में सदैव जुटे हैं। उन्होंने अपील की कि इस मामले में अनावश्यक राजनीति न हो और दोषी किसी भी पक्ष का हो, उसे सख्त सजा दी जाए ताकि समाज में सौहार्द बना रहे। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले जातियों को पेशों में बांधा गया था, लेकिन आज सभी को हर कार्य करने का समान संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। संविधान से समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द हटाने के विषय पर पूछे गए सवाल पर मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि संविधान में किसी भी संशोधन के लिए संसद का बहुमत अनिवार्य होता है लेकिन आपातकाल के दौरान जब लोकतंत्र लगभग निलंबित था, तब कांग्रेस ने ये शब्द किस आधार पर जोड़े, यह गंभीर सवाल है। इस विषय पर संसद में बहस होनी चाहिए और यदि संसद की राय में ये शब्द आवश्यक हैं तो बने रहें, अन्यथा हटाए जाएं। लोकतंत्र में ऐसा कोई भी संशोधन जनता और संसद की सामूहिक सहमति के बिना नहीं होना चाहिए।

# लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं की भागीदारी निर्णायक : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकतन्त्र को मजबूत करने मे युवाओं की भागीदारी निर्णायक सिद्ध हो रही है। लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व सशक्त करने का यही समय है, सही समय है।

देश के प्रत्येक नागरिक के खून मे

- **लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व सशक्त करने का यही समय है, सही समय है**
- **उप मुख्यमंत्री ने कानपुर मे आयोजित मॉक पार्लियामेंट में लोकतन्त्र सेनानियों को किया सम्मानित**

लोकतन्त्र समाया हुआ है। लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल लगाकर संविधान का दुरूपयोग करने का माकूल जवाब दिया था। 25 जून 1975 को आपातकाल थोपकर नागरिक अधिकारो का हनन किया गया था। वह दुर्भाग्यपूर्ण कालखण्ड था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के बी टेक आडीटोरियम मे आयोजित माक पार्लियामेंट को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लोकतन्त्र सेनानियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बी. टेक. ऑडिटोरियम, में भारतीय संविधान के प्रति जागरूक करने वाली लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन मे कहा कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में जब युवा शक्ति सोचती है, तो देश की दिशा और दशा बदल जाती है। यह जागरूकता, यह चेतना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक जन आंदोलन का स्वरूप ले चुकी है, जिसमें लोकतंत्र के प्रति युवाओं की भागीदारी निर्णायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र को अटल व अमर



रखने के लिये युवा हमेशा आगे बढ़कर अपना योगदान दें।

उन्होने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा दिखाये गये साहस व शौर्य की चर्चा करते हुये कहा कानपुर की धरती क्रान्ति व सकारात्मक विचारों की धरती है। अपने सम्बोधन मे केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकतान्त्रिक व संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिये डबल इन्जन सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। आपाताकाल जैसा दिन हमारी सरकार कभी नहीं आने देगी। आपातकाल से जुड़े चुनिंदा लोगों से अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह न केवल आपातकाल के स्मरण का अवसर है, अपितु गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी है।

देशभक्ति व देश प्रेम की भावना से परिपूर्ण अपने सम्बोधन में उप मुख्यमंत्री ने आपातकाल के दौरान आयी समस्याओ व विपत्तियो के सम्बन्ध मे विस्तार से प्रकाश डाला। भारतीय लोकतंत्र की जड़ो को मजबूत करने व संवैधानिक मयार्दाओ को बनाये रखने के लिये दिये गये प्रेरक उद्बोधन मे उन्होंने जहाँ संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई, वहीं नयी पीढ़ी मे नव चेतना, नव जागृति पैदा करने के लिए नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार किया। कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लिया गया निर्णय उन लाखों लोगों की भावना का सम्मान करने के लिए है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अकथनीय उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया।

# 360 अध्यापकों का हुआ ऑनलाइन स्थानांतरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत संस्था प्रधान/प्रवक्ता/सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी प्रभाग) के ऑनलाइन स्थानांतरण का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह जानकारी अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थानांतरण प्रक्रिया शिक्षा निदेशालय एवं एनआईसी के सहयोग से पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से संचालित की गई है। श्री तिवारी ने बताया कि कुल 360 अध्यापकों का सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरण आदेश विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। संबंधित शिक्षक अपनी मानव संपदा आईडी और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से उक्त पोर्टल पर लॉगिन कर स्थानांतरण आदेश देख सकते हैं।

# पशुपतिनाथ मंदिर एवं जाहरवीर मेला स्थल का होगा पर्यटन विकास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरेली के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के विकास कार्यों को मंजूरी मिली है। यह परियोजना नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत चलाई जाएगी। योजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए करीब 2.30 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इसी प्रकार, जनपद बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल का पर्यटन विकास कार्य लगभग 38 लाख रुपए की धनराशि से होगा।

- **खर्च होंगे करीब 02.68 करोड़ रुपये**

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नाथ कॉरिडोर सहित अन्य परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बरेली और बिजनौर जनपद की स्वीकृत परियोजनाओं पर करीब दो करोड़ 68 लाख रुपए से पर्यटन विकास कार्य होंगे। बरेली का पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल के प्रसिद्ध पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर बना है। यहां बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में 108 प्रकार के छोटे से लेकर बड़े शिवलिंग हैं। सावन के महीने में शिव भक्तों के लिए यह आकर्षण का केंद्र रहता है। दूर-दराज के इलाकों से भक्त मंदिर में जल चढ़ाने आते हैं। पर्यटन के लिहाज से भी पशुपतिनाथ मंदिर महत्वपूर्ण स्थल है। नाथ कॉरिडोर के इस महत्वपूर्ण गंतव्य के पर्यटन विकास कार्य के लिए करीब दो करोड़ 30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर- 9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# ई-रिक्शा चालक की बेरहमी से हत्या, हुआ खुलासा

## पुलिस नें किया चौबीस घंटे के अंदर राजफास, आला कत्ल सहित कातिल गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। हाल ही में महानगर क्षेत्र स्थित विज्ञान पुरी में हुई एक युवती की हत्या का मामला शांत भी नहीं पड़ा था कि इसी थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक की गुरुवार देर रात हत्या कर हत्यारों ने सनसनी फैला दी। उसका खून से लथपथ शव बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन के सड़क किनारे पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन की तो शव की पहचान श्रावस्ती जिले के भिनगा निवासी 23 वर्षीय दिनेश कुमार के रूप में हुई,जो बादशाह नगर क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर ई-रिक्शा चलाता था ।पुलिस उपायुक्त मध्य ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि दिनेश का पेट फटा था और पीठ में चाकू घुसा हुआ था। इसके अलावा शरीर कई जगह गहरे घाव के निशान थे। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से मामले की छानबीन शुरू की पता चला कि इस घटना को अंजाम ई-रिक्शा चालक बहराइच निवासी शिवाकांत मिश्रा ने दिया है। सबूत मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।बताया जा रहा है कि दिनेश और आरोपी शिवाकांत मिश्रा से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी।इसी रंजिश में शिवाकांत ने देर रात उसे चाकुओं से गोद डाला और मौके से फरार हो गया ।पुलिस ने गुरुवार की देर रात सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले और लोकेशन ट्रेस कर बादशाहनगर रेलवे स्टेशन से हत्यारोपी शिवाकांत मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।पुलिस उपायुक्त मध्य नें संकेत दिये है कि इस घटना के खुलासे पर टीम को ईनाम दिया जायेगा।

# चिनहट की कठौता झील में डूबकर युवक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● दोस्तों के साथ गया था नहाने, कौन-कौन मित्र थे पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र स्थित कठौता झील में दोस्त नहाने गए थे, जिसमें एक युवक की गहराई में जाने से डूबकर मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने गोताखोरों की मदद शव को झील से बाहर निकलवाया।

पुलिस मामले की छानबीन की तो शव की पहचान गोमतीनगर के विवेक खंड निवासी मनीष कुमार शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला के रूप में हुई। साथ में नहाने कौन-कौन मित्र गए थे इसके बारे में पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। पुलिस पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा चिनहट पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक दोस्तों के साथ कठौता झील में नहाने गए, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक वह आनन-फानन में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से शव को झील से बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट का कहना है कि युवक की शिनाख्त गोमतीनगर के विवेक खंड निवासी मनीष कुमार शुक्ला के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक मनीष के साथ कौन-कौन उसके दोस्त झील में नहाने गए थे इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# डीजीपी ने पुलिस कर्मियों के आश्रितों को चेक सौंपा




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण नें शुक्रवार को बीती 27 जून को मृत मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी जितेन्द्र पाल, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज व फालवर बृजेश कुमार के शोक संतप्त आश्रित परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी के तहत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा मृत आरक्षी जितेन्द्र पाल के परिजन को पुलिस सेलरी पैकेज के अंतर्गत 01 करोड़ 95 लाख और मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज, फालवर बृजेश कुमार को 01 करोड़ 70 लाख रुपए के चेक दिये। बतादे कि आरक्षी जितेन्द्र पाल जनपद बरेली में नियुक्त थे, जिनकी मोटर साईकिल में ट्रैक्टर ट्राली द्वार टक्कर बारह दिसम्बर को मार दी थी ।उसी दिन उनकी मौत हो गईं थी। मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह जनपद जौनपुर में नियुक्त थे, जिनको गो तस्करों द्वारा ड्यिटी के दौरान वाहन रोकते समय कुचल दिया गया था, जिनकी उपचार के दौरान 18 मई को मृत्यु हो गयी थी। आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज जनपद फतेहपुर में नियुक्त थे, जिनकी महाकुम्भ मेला में ड्यिटी समाप्त होने के उपरान्त अपने नियुक्ति जनपद फतेहपुर वापस जाते समय डम्पर नें टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी। फालवर बृजेश कुमार जनपद सिद्धार्थनगर में नियुक्त थे, जिनकी मोटर साइकिल में पीछे पिकअप वाहन नें टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी।इस अवसर पर आनन्द स्वरूप अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, एन रविन्दर पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, आरके भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक पुलिस भवन कल्याण, प्रतीक अग्निहोत्री जनरल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बेहतर कार्य करने वाले विवेचकों को इनाम देगा ईओडब्ल्यू

विशेष संवाददाता (vol)

● डीजी नें की समीक्षा, दिये कड़े निर्देश

**लखनऊ।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लू) के लखनऊ सेक्टर मुख्यालय में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक नीरा रावत नें निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक, ईओडब्लू के सुनील इमैन्युअल, पुलिस उपमहानिरीक्षक हृदेश कुमार एवं लखनऊ सेक्टर के अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार यादव तथा लखनऊ सेक्टर के सभी निरीक्षक व उपनिरीक्षक मौजूद थे।इस मौके पर डीजी ईओडब्लू नीरा रावत नें समीक्षा के दौरान ईओडब्लू लखनऊ सेक्टर में लम्बित मुकदमों व जांच और मुकदमों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर पर्याप्त साक्ष्य संकलन करते हुए माहवार दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष निश्चित समयावधि में विधिक निस्तारण के दिशा निर्देश दिये। साथ ही जिन अमियोगों में विवेचनोपरान्त न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किये जा चुके हैं, उनमें सम्यक व प्रभावी पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिये गये।पुलिस महानिदेशक, ईओडब्लू नें यह भी निर्देशित किया गया कि फरार अभियुक्तों की सूची बनाकर मुख्यालय को प्रेषित की जाये, ताकि सम्बन्धित आरोपियों के विरुद्ध पुरस्कार घोषित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। लखनऊ सेक्टर के अधिकारी और कर्मचारीगणों के संदर्भ और समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त विधिक प्राविधानों के अनुरूप प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समुचित प्रकरणों में गैंगस्टर की कार्यवाही कराने हेतु तथा स्थानीय स्तर पर आधारभूत संसाधनों की आवश्यकता हेत सूचना उपलब्ध कराने के विषय में भी निर्देशित किया। इसके डीजी ईओडब्लू नें कहा कि अच्छे कार्य करने वाले विवेचको की उनके कार्य के अनुसार समीक्षा की जायगी सबसे अच्छा कार्य करने वाले विवेचक को प्रोत्साहित किया जायगा।

# दोस्तों संग पार्टी करने गया युवक तालाब में डूबा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट कठौता झील के पास स्थित तालाब में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। वह दोस्तों संग पार्टी करके घर लौट रहा था। कठौता झील के पास रुककर सबने सिगरेट पी। इसके बाद युवक अपने दोस्तों से झील के पास स्थित तालाब में नहाने की बात कहकर छलांग लगा दी।? दोस्तों के मना करने के बावजूद वह तालाब में उतर गया और कुछ दूर जाकर डूब गया। दोस्तों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक गोमतीनगर के विवेकखण्ड निवासी मनीष कुमार शुक्ला (38) पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला गुरुवार रात अपने दोस्तों के साथ विभूति खंड स्थित समिट बिल्डिंग में पार्टी करने गया था। मृतक मनीष के



दोस्त रौनक के अनुसार, वह लोग कोको बार से सुबह करीब 4 बजे पार्टी करके लौटे थे। समिट बिल्डिंग से निकलकर झील किनारे पहुंचे। मनीष ने सिगरेट पीने की बात कही और वह सब झील के पास चले गए। सिगरेट पीने के बाद मनीष ने कहा कि वह नहाने जा रहा है।? उसे तैरना आता है, और वह झील के पास स्थित तालाब में उतर गया। दोस्तों के मना करने के बाद भी मनीष नहीं माना और धीरे-धीरे वह तालाब के अंदर गहरे पानी में चला गया और डूब गया।? घटना सुबह करीब 6 बजकर 30 मिनट की है। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक के शव को झील से बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मनीष के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है कि घटना के समय क्या हुआ। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

परिवार के मुताबिक मनीष ने एक साल पहले नौकरी छोड़ दी थी और तब से कोई काम नहीं कर रहा था। हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए, मां बेसुध हो गईं और पिता का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। शुरूआती जांच में हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन हर एंगल से पड़ताल जारी है। वहीं इस मामले में नगर निगम के जलकल विभाग ने इस मामले में कठौता झील को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव ने कहा है कि मृत युवक की डूबने की घटना मत्स्य विभाग के तालाब में हुई है, न कि जलकल विभाग की देखरेख वाली कठौता झील में।

# आलमबाग में परिवहन बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग बस अडडा पर तीन दिन पूर्व एक परिवहन बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल हो गई इस हादसे में बुजुर्ग महिला का एक पैर का अंगूठा कट गया और दूसरा पैर फ्रैक्कर हो गया। वहीं पीड़िता के बेटे की शिकायत पर आलमबाग पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि मूलरूप से अमेठी जनपद शुक्ल बाजार निवासी सलमान अहमद पुत्र बदलू खां के अनुसार उसकी मां शहनाज बीते 24 जून को अपने मायके कानपुर से आलमबाग पहुंची थी सड़क पार करते समय बस संख्या यूपी 32 एनएन 1247 चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनकी बुजुर्ग मां को टक्कर मार फरार हो गया। जिससे उसके एक पैर का अंगूठा कट गया और दूसरा पैर फ्रैक्कर हो गया। जिन्हें



राहगीरों की मदद से नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं पीड़िता के बेटे के अनुसार वह अपनी मां का इलाज अमेठी जनपद के एक निजी अस्पताल में कराते हुए इलाज दौरान आलमबाग थाने पहुंच बस नंबर आधार पर चालक के खिलाफ शिकायत की है। पीड़िता के बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर बस नम्बर के आधार पर आरोपित बस चालक की तलाश की जा रही है।

# एसटीएफ ने पकड़ा 96 लाख का गांजा, 3 धरे गये

विशेष संवाददाता (vol)

● सोनपुर उडीसा से हुआ था गाँजा लोड, बहराईच में था उतारना

**लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को सुल्तानपुर जिले के शहर कोतवाली के भदईया ब्लाक के सामने से गिरफ्तार किया है।

पकड़े गये नोमान निवासी ग्राम गोहपुर, थाना हतीन, जनपद-पलवल, हरियाणा व अकरम खान निवासी राधानगरी, अकाटा, भरतपुर, राजस्थान व रवि मिश्रा निवासी खिरौरा मोहन, थाना कोतवाली देहात, गोण्डा के पास से 384 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत लगभग 96 लाख रुपए और एक कण्टेनर व तीन मोबाइल फोन व एक आधार कार्ड व एक एटीएम कार्ड तथा एक डीएल और दो हजार रुपए नकद बरामद किया।

एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि पकड़े गये आरोपियों का एक संगठित गिरोह है, जो बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करता है। इस गिरोह का सरगना रवि मिश्रा है। इसका पार्टनर राहुल निवासी बहराईच है। राहुल ने कन्टेनर चालक नोमान से सम्पर्क करके पेपर रोल के बीच में सोनपुर उडीसा से गाँजा लोड कराया था। जिसे बहराईच में उतारना था एवं पेपर रोल दिल्ली में पहुँचाना था। कन्टेनर चालक नोमान को रुपए 800/- प्रति किग्रा के हिसाब से पैसा देता है ।पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध सुल्तानपुर के थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

## मानसिंक सुख शांति के विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**गोसाईंगंज।** मानसिक सुख-शांति एवं प्रसन्नता के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन श्री शारदा कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ के तत्वावधान में 23 जून से 27 जून तक किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जीवन को सुखमय बनाने के उपायों से परिचित कराना था। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर, जूलॉजी विभाग, त्रिपुरा विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यशाला के पांचों दिन मुख्य वक्ता के रूप में विविध सत्रों में भाग लिया और सकारात्मक मनोविज्ञान, आत्मबोध, मानसिक स्वास्थ्य की वैज्ञानिक पद्धतियां जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद स्थापित किया।

# मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में विवाहिता ने ससुराल जनों पर मारपीट, गाली गलौज और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। बंथरा थाना क्षेत्र के मवई पडियाना निवासी दीपिका सैनी का कहना है कि 25 नवंबर 2020 को उसकी शादी प्रांजल सैनी निवासी मवई पड़ियाना से हुई थी।

विवाहिता का मायका पारा थाने के फतेहगंज गांव में है। विवाहिता का कहना है कि उसके पति प्रांजल, ससुर राजेश और सास मंजू द्वारा दहेज के लिए उससे आए दिन मांग की जाती है। दहेज न मिलने पर उसके साथ मारपीट, गाली गलौज की जाती है। पीड़िता अपनी तीन वर्षीय पुत्री अंजली के भविष्य को लेकर यह सब सहन करती रही ,जिससे उसके पति, सास और ससुर का उसपर अत्याचार और बढ़ता गया क्मीड़िता का आरोप है कि



ससुराल वाले उससे पाँच लाख रुपये घर बनवाने के लिए ,स्कॉर्पियो गाड़ी और दो तोले सोने की चेन की मांग करते हैं ना देने पर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज करते हैं। पीडिता का कहना है कि वह लोग धमकी देते हैं कि अपने मायके से यह सब सामान ले आओ नहीं तो किसी दिन तुमको जान से मार दिया जाएगा । जिससे पीडिता भयभीत होकर अपने मायके में जाकर अपने परिवार वालों से सारी बात बताई। पीड़िता ने बंथरा थाने में इसकी शिकायतदर्ज कराई ।बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

## मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** नगराम के छंगा खेड़ा गांव निवासी महिला द्वारा गांव के ही युवक पर नशे की हालत में गाली-गलौज मारपीट सहित मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप लगाते हुए नगराम थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगराम के देवती का मजरा छंगा खेड़ा गांव निवासी राजेंद्र की पत्नी लक्ष्मी द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार गुरुवार शाम करीब सात बजे उसका पति घर पर नहीं था उसी बीच गांव का ही युवक नंद किशोर नशे की हालत में उसके दरवाजे आकर गाली-गलौज करने लगा तथा उसका एंड्रॉयड ओ पो फोन तोड़ दिया। मोबाइल तोड़ने व गाली गलौज का विरोध करने पर जमीन पर गिराकर लात घूसों से पिटाई कर दिया। जिससे उसके हाथ की चूड़ियां टूट गई व शरीर में काफी गुम चोटें आई हैं। नंद किशोर के घर शिकायत करने गई तो उसकी मां गंगा देई व पिता गंगा राम ने भी धमकाया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# फ्लैट बिक्री के नाम क्रेता से एग्रीमेंट कर हड़पे 20 लाख

वरिष्ठ संवाददाता (vol

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित एक निजी अपार्टमेंट फ्लैट विक्री के नाम पर जालसाजों ने एग्रीमेंट कर क्रेता से 20 लाख रुपए हड़प लिए और फ्लैट की विक्री किसी और को कर दी। वहीं पैसा वापस मांगने पर आरोपित पीड़िता संग गाली गलौज और धमकी दे रहे हैं। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि नाका हिंडोला आर्या नगर निवासी गुरमीत सिंह पुत्र स्व नानक सिंह के अनुसार वर्ष 2020 में सचिन कुमार शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला निवासी पुरानी कोठी, माधव निकेतन, न्यू गणेश गंज नाका हिंडोला ने उनसे सम्पर्क कर एक फ्लैट खरीदने के लिए दबाव डालते हुए 44 लाख रुपए में फुल फरनिश्ड फ्लैट मात्र 18 माह में उपलब्ध कराने का वायदा किया। सचिन कुमार शुक्ला ने दीपक कपूर निवासी रयल लोक व्यू, रायबरेली रोड एवं सैफ अमन पुत्र नईम उल्ला सिद्दीकी निवासी ओखला रोड, जाकिर बाग, जामिया नगर ओखला साउथ, नई दिल्ली के द्वारा भूखण्ड संख्या-11, मवईया योजना ब्लन्ट स्क्वायर के बहुमंजिला फ्लैट बनाने की जानकारी देते हुए मुलाकात करवाया जिन लोगों ने फ्लैट के निर्माण सम्बन्धी मानचित्र व 3-डी डिजाइन दिखाई एवं बुकिंग की तिथि से 18 माह के अन्दर पूरी तरह से फ्लैट देने का वायदा किया। उन लोगों पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने प्रथम तल पर टाईप जी, क्षेत्रफल 1405 वर्गफिट का फ्लैट खरीदने का बुकिंग करवाया और मार्च 2020 व अप्रैल माह में कुल 20 लाख रुपए चेक और ऑनलाइन माध्यम से दिए जिसका एग्रीमेंट हुआ। आरोप है कि उक्त लोगों ने तय समय पर फ्लैट नहीं दिया और उनके बुकिंग किए गए फ्लैट को किसी और एग्रीमेंट कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपितों ने पैसे देने से इंकार करते हुए जानमाल की धमकी देने लगे और गाली गलौज कर उन्हें भगा दिया।


## न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7
न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय
स्थान गौरीगंज जिला अमेठी।
अ.धारा-30 उ.प्र.रा.सं. 2006
ता.पेशी- 30.06.2025

श्रीमती उर्मिला देवी

बनाम

1. श्रीमती सावित्री देवी पत्नी रामसुन्दर
2. अशोक कुमार पुत्र रामसुन्दर
3. राम कृष्ण पुत्र शम्भूनाथ
4. राम प्रताप पुत्र केदारनाथ
5. हरिनारायण पुत्र रामसुमेर
6. बृजेश कुमार पुत्र रामसुमेर
7. मनोज कुमार पुत्र रामसुमेर
8. छोटे पुत्र राम सुमेर

ग्राम- भेंटुआ तह/पर. जिला अमेठी

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 30.06.2025 के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 17.06.2025 को निकाली गई।

न्यायालय


# सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पीजीआई इलाके में शहीद पथ पर वाहन की टक्कर से एक सिक्यॉरिटी गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल गार्ड को इलाज के लिए ट्रामा 2 भिजवाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पीजीआई पुलिस के मुताबिक मूल रूप से फरुर्खाबाद के सोना जानकीपुर के रहने वाले विक्रम कुशवाहा (24) आशियाना के सेक्टर ओ मानसरोवर में परिवार के साथ रहकर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक निमार्णाधीन हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पिता प्रदीप ने बताया कि उनका बेटा गुरुवार नाइट ड्यूटी के बाद शुक्रवार सुबह तड़के मोटरसाइकल से घर वापस लौट रहा था। वही पीजीआई के शहीद पथ पुल पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर रूप से जख्मी देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा इलाज के लिए ट्रामा 2 पहुंचाया एवं उसके मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी गई।

ट्रामा 2 में डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार में पिता प्रदीप सिक्योरिटी गार्ड हैं छोटा भाई शिवम मां राजकुमारी है। जवान बेटे की मौत के बाद परिवार वाले गहरे सदमे में है।

## सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर सड़क पार करते समय एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव निवासी मायाराम(45) किसी काम के लिए घर से निकला था। जो अमरोहा ढाबा के पास सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

## नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**गोसाईगंज।** गोसाईंगंज में लक्ष्मणपुर गांव के पास इंदिरानहर में शुक्रवार को 30 वर्षीय युवक का शव उतराता हुआ मिला। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से इंदिरा नहर में शव के उतरते हुए देखे की जानकारी मिली। इसपर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव लगभग 5-6 पुराना था। जिसकी पहचान का काफी प्रयास किया गया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


## पूर्वोत्तर रेलवे | ई-ऑक्शन नोटिस सं0- LJN-PRKG-11-25

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा0), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | लॉट सं0 | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | PARKING-LJN-GKP-TW-7-24-1 (Parking-Two Wheeler) | **गोरखपुर स्टेशन** के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 2 | PARKING-LJN-PPW-MX-131-25-1 (Parking-Mixed) | **पचपेड़वा स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साइकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 3 | PARKING-LJN-SDDN-MX-130-25-1 (Parking-Mixed) | **सिद्धार्थनगर स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 4 | PARKING-LJN-BNY-MX-128-25-1 (Parking-Mixed) | **बढ़नी स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |

**नोट: 1.** निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। IREPS पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। **2.** सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दि0-11.07.2025, 12:00 बजे प्रारंभ होकर 11.07.2025, 13:00 बजे बंद होगी। **3.** इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **4.** अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। **5.** विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-67 | सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/लखनऊ

"DO NOT TRAVEL WITH INFLAMMABLE ARTICLE IN TRAIN"


माधव मंदिर से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, उमड़ा हुजूम


रविन्द्रालय चारबाग से निकली इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा


डॉलीगंज की रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का हुजूम

सभी फोटो-अमित वर्मा

# झाल, करताल, ढोलक और जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा शहर

## राजधानी में जगह-जगह निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, भक्तों ने भक्ति भाव से खींचा रथ, की पूजा-अर्चना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जगन्नाथ रथयात्रा के दिन शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के मंदिरों में झाल, करताल, ढोलक, ताली और प्रभु जयजगन्नाथ के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। अमीनाबाद के मारवाड़ी गली में आरती के साथ फेसबुक पर पूजन का लाइव हुआ तो चौक के रानी कटरा में चारों धाम मंदिर से भगवान की पालकी को मंदिर परिसर में घुमाया गया।

डालीगंज स्थित श्री माधव मन्दिर से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के समय घुमड़ते बादल और बारिश की बूंदे के बीच शाम को भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भगवाल जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली। रथ पर बलभद्र और सुभद्रा के साथ विराजमान भगवान जगन्नाथ होकर भक्तो को आलोकित दर्शन दे रहे थे। भक्त जयघोष के साथ रथ को श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव से रथ की रस्सी को खींचते हुए दिख रहे थे, जहां से भी रथ यात्रा निकल रही थी वहां लोग भगवान का जगन्नाथ का आशीर्वाद लेकर खुद को धन्य मान रहे थे। भक्तो ने भी दिल खोलकर फूलो की वर्षा के साथ इत्र के छिड़काव कर जगन्नाथ रथ का स्वागत किया।

भगवान जगन्नाथ महाआरती के बाद 56प्रकार के भोग लगाया कर जाएगा रथ पर विराजमान करके उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा, अवध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, धनश्याम दास अग्रवाल गुड्डा, श्याम साहू, घनश्याम अग्रवाल, गोविन्द साहू, श्याम जी साहू, अनुराग साहू रथ की रस्सी खींचकर श्रीयात्रा शुभारंभ किया गया। 151 बूंदी का लड्डू का भोग श्री राधा माधव सेवा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा लगाया गया।

उज्जैन की तर्ज पर डमरू की ध्वनि में गुंजन के साथ रथ के आगे भजन गायक पवन मिश्र ग्रुप श्रीमहाप्रभु के सामने भजनों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। रथ पर विराजे राधा कृष्ण, हनुमान सबको आकर्षित कर रहे थे, नासिक ढोल रथ यात्रा में सबके आगे बजाते हुए उसके पीछे वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। डालीगंज व्यापारियों, भक्तो द्वारा जगह जगह रथ का स्वागत में फूलों की वर्षा, भक्तो को प्रसाद वितरण करते दिख रहे थे। वही प्रसाद में जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद भोग सभी भक्तों को वितरित किया। यात्रा में 15फीट हनुमान रथ यात्रा की फटाका लहराते हुआ, भक्त आरती थाल का नजर आ रहे थे, उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता व ओमकार जयसवाल बताया कि इस बार हजार से अधिक लोगो मे लाइव प्रसारण फेजबुक पेज पर देखा। वही राकेश साहू ने बताया कि मोबाइल के शौकीन फोटोग्राफर ने जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की यादगार झलकियां अपने मोबाइल में कैद किया। इस अवसर पर अनुराग साहू, दिनेश अग्रवाल, ओमकार जायसवाल, श्याम जी साहू, भारत भूषण गुप्ता, मनोज साहू, राकेश साहू, गोविंद साहू, उपस्थित रहे।

**गौडीया मठ के श्रीश्री जगन्नाथ रथयात्रा बनीं आकर्षण का केन्द्रः** भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ फूलों से सुसज्जित रथ पर सवार होकर भक्तों को खुद दर्शन देने नगर यात्रा पर निकले यह अद्भुत नजारा मोतीनगर लखनऊ के गौडीया मठ के श्रीश्री जगन्नाथ रथयात्रा रहा। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को रत्न जड़ित पगड़ी, पीताम्बर वस्त्र और कीमती आभूषणों से सुशोभित किया गया था। भक्तों ने भगवान की काष्ठ प्रतिमाओं को अपने कंधों पर उठाकर नाचते गाते हुए फूलों से सजे रथ पर विराजमान किया। जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर श्री गौडिया मठ की रथयात्रा निकाली जाती है।

जगन्नाथ यात्रा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को उनके मौसी के घर, गुंडिचा मंदिर ले जाने की वार्षिक यात्रा है। इस यात्रा में रथ को खींचने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह यात्रा एकता और समानता का भी प्रतीक है, क्योंकि इसमें हर वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के भाग लेते हैं। बैंडबाजों तथा संकीर्तन करते भक्तों के बीच रथ पर विराजे बलभद्र, सुभद्रा व जगन्नाथ के दिव्य दर्शन पाने के लिए हजारों भक्तगण मार्गों के दोनों ओर एकत्र थे। जगन्नाथ रथयात्रा का शुभारंभ समिति के मठाध्यक्ष श्री सुधा सिंधु महाराज जी विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रभु को झूला झुलाते हुए फिर चंदन कपूर मिश्रित जल छिड़क कर रथ समार्चना कर आरती करते है। भगवान जगन्नाथ पर कई स्थानों पर फूलों की वर्षा की गई।

मृदंग की थाप व घंटे घड़ियाल की लय पर झूमते भक्तों ने जय जय जगन्नाथ स्वामी, हरि हरि बोल, राधे राधे के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे रथयात्रा में पूड़ी, बूंदी, मीठे चावल का प्रसाद वितरण किया गया। यह रथयात्रा श्री गौड़ीय मठ मंदिर मोतीनगर से ऐशबाग रोड, नाका हिण्डोला, बांसमंडी चौराहा, लाटूश रोड, श्रीराम रोड, अमीनाबाद रोड, गणेशगंज से नाका हिण्डोला, आर्यानगर, मोतीनगर चौराहा होते हुए वापस श्री गौड़ीय मठ मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। रथयात्रा के समापन मठाध्यक्ष श्रीपाद भक्ति सुलभ श्रमण महाराज (सुधा सिंधु महाराज )जी ने बताया कि आपने कई यात्राओं में भाग लिया होगा जैसे- बद्रीनाथ, केदारनाथ, अमरनाथ आदि ये यात्रा कठिन होती है किन्तु भगवान जगन्नाथ रथयात्रा निराली है यहां भगवान जगन्नाथ स्वयं मंदिर से निकलकर भक्तों दर्शन देते है। इस शोभायात्रा में विशेष रूप से गौहाटी, आसाम से भक्ति आलोक आचार्य महाराज ,श्रीपाद जी, कोलकाता, उड़ीसा, मुंबई, दिल्ली, कुरूक्षेत्र, मथुरा, वृन्दावन, पटना, मुगलसराय, काशी, प्रयागराज से पधारे अनेक संतजन एवं गणमान्य लोग सम्मिलित होकर भगवान जगन्नाथ जी अपने को समर्पित कर पूजा अर्चना करते हैं।

**भगवान जगन्नाथ को लगाया छप्पन भोगः** श्री वैष्णो देवी सेवा संस्थान के तत्वाधान में नवम श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन शुक्रवार को किया गया। यात्रा के संयोजक करुण कृष्णदास करुणेश के द्वारा छप्पन भोग जिसमें 201 प्रकार के व्यंजन एवं मिष्ठान का भोग लगाकर, आरती के पश्चात संकीर्तन मंडली द्वारा हरे रामा हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे हरे का भजन करते हुए यात्रा पूर्ण की गई। यात्रा पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पार्क से प्रारंभ होकर रूपम टेलर चौराहा बदनाम लड्डू मोहन भोग राशि ज्वेलर्स मार्ग से होकर पुनः अपने प्रारंभ स्थान पर पहुंचने के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## रविन्द्रालय से निकली इस्कॉन मंदिर की जगन्नाथ रथयात्रा



**लखनऊ।** इस्कॉन मंदिर की ओर से चारबाग रविन्द्रालय से शुरू हुई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हरिनाम संकीर्तन के साथ शुरू हुई। इसके अलावां प्रवचन एवं कथा देवकी नंदन प्रभुजी, आरती एवं रथयात्रा अपरान्ह 4 बजे से शुरू हुई। रथ यात्रा समापन जहांगीराबाद पैलेस के पास रात्रि 8 बजे किया गया, और दिव्य प्रसादम भंडारा वितरित किया गया। जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के दौरान होने वाले मुख्य आकर्षण में अचिंत्यरुपिणी माता जी के दिशा निर्देशन में मुकुंदा रॉक बैंड की प्रस्तुति, हाथी, ऊँट, घोड़ा एवं विशेष साज-सज्जा से बनाये गए रथों पर भगवान जगन्नाथ जी, सुभद्रा महारानी, बलदेव महाराज एवं राम दरबार से यात्रा का विहंगम स्वरुप दिखायी दिया। सम्पूर्ण रथ यात्रा मार्ग में भगवान एवं भक्तों पर पुष्प वर्षा होती रही, और सभी भक्तों का स्वागत चन्दन लगाकर, गुलाबजल एवं इत्र छिड़क कर किया गया। रंगोलियों के माध्यम से रथ यात्रा मार्ग की सजावट की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में इस्कॉन गर्ल्स फोरम की नृत्य प्रस्तुति दी। भगवान के विभिन्न स्वरुप में भक्तों द्वारा नारद मुनि, हनुमान जी आदि के दर्शन हुए। छप्पन भोग के अंतर्गत 256 प्रकार का भोग श्री जगन्नाथ जी को अर्पित किया गया। रथ यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा भगवान की आरती एवं जलपान वितरण किया गया। रथ यात्रा रविंद्रालय चारबाग से प्रारम्भ होकर बासमंडी चौराहा से हीवेट रोड पर चलकर दाहिने कैंट चौराहा (बर्लिंगटन) से बांये नावेल्टी सिनेमा होते हुए हलवासिया तिराहे से दाहिने हजरातगंज चौराहा होकर वापस चौराहे मुड़कर हलवासिया होते हुए जहांगीराबाद पैलेस लॉन में समाप्त हुई।

## विश्व शांति के संदेश के साथ निकली पालकी यात्रा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चारों धाम मंदिर रानी कटरा से भगवान जगन्नाथ की प्राचीन रथ यात्रा आज विश्व शांति के संदेश के साथ निकली। सुबह चारों धाम मंदिर में विधि विधान से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र भैया एवं माता सुभद्रा का पूजन संपन्न हुआ, इसके बाद चांदी की पालकी में सवार होकर भगवान भक्तों के घर पहुंच गए। लोगों ने अपने घर के बाहर भक्ति भाव से पूजन किया। स्थान स्थान पर भक्तों ने पानी, शरबत, लस्सी कढ़ी चावल समोसे आदि का प्रसाद वितरित किया। यात्रा में प्रमुख रूप से शिवनारायण अग्रवाल संजय अग्रवाल लक्ष्मीकांत पांडे आशीष अग्रवाल रिद्धि किशोर गौड़ अभय अग्रवाल अतुल अग्रवाल मोहित शर्मा अमित गौड़ संदीप तिवारी पार्षद मनीष रस्तोगी अभिषेक खरे आशीष गौड़ संकेत मिश्रा राधे तिवारी उषा अग्रवाल शाहिद बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### भगवान जगन्नाथ ने किया नौका विहार

**लखनऊ।** आज प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में स्थित जगन्नाथ स्वामी जी के दरबार में सुबह उनको स्वास्थ लाभ के पश्चात स्थापित किया गया, जिसमे जगन्नाथ स्वामी बलभद्र और सुब्धरा के दर्शन पाने को भक्तों की खासी भीड़ रही। संध्या को जगन्नाथ स्वामी को जब स्नान के लिए माँ गोमती के तट पर ले जाया गया तो माँ गोमती के प्रदूषण को देखकर जगन्नाथ स्वामी दुखी होकर स्नान को मना कर दिए । फिर स्वामी को भक्तों के द्वारा मानने पर पंचगव्य स्नान कराया गया फिर श्रृंगार करके उनको नौका विहार कराया गया और फूलों से सुसज्जित झूले में स्थापित कर बड़हल, आम, जामुन, कढ़ी चावल और चने की दाल से भोग लगाया गया तत्पश्चात मंदिर के मुख्य सेवादास डॉ विवेक तांगड़ी द्वारा आरती उतारी गई और नजर उतारी गई। उत्सव के रूप मनी जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा में मंदिर ट्रस्ट के डॉ पंकज सिन भदौरिया, ऋद्धि किशोर गौड़, डॉ अलकेश सोती, आशीष अग्रवाल, अखिलेश कुमार, जगदीश श्रीवास्तव, आनंद मोहन, प्रहलाद, सुरेंद्र, लवलीन जी, अजय, शिवम कटियार एवं सभी भक्तगण उपस्थित रहे ।





## दादी-नानी की कहानी में मिला सफलता का राज

- मलीन बस्ती में आयोजन, स्टोरीमैन जीतेश ने सुनाई कहानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दादी नानी की कहानी श्रृंखला में शुक्रवार को बच्चों ने सफलता का राज जाना। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आलमनगर की पूर्वी दीन खेड़ा मलीन बस्ती में लव ब्रिज केयर फाउण्डेशन के अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों को सफलता के सूत्र दिये।

कार्यक्रम की शुरूआत मनोरंजन खेल और कठिन वाक्यों के उच्चारण अभ्यास से हुई। रोचक कथानक के माध्यम से एक गुरु ने अपने शिष्य को पानी में डुबाने और शिष्य की बचने की छटपटाहट का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समझाया गया कि लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण के बिना सफलता नहीं मिलेगी। छात्रों को प्रेरित किया गया कि वे मेहनत करें और काम में सफल होकर अपने माता पिता और देश का नाम ऊंचा करें। बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी गई। समाजसेवी इंजी. उज्ज्वल सक्सेना ने केन्द्र की गतिविधियां बताते हुए कहा कि हमारे दो केन्द्र संचालित हैं जहां आने वाले अधिकांश बच्चे दिहाड़ी मजदूरों व अल्प आय वर्ग परिवारों के हैं। क्षेत्र के मजदूर परिवार बच्चों को पढ़ाने के पक्ष में नहीं रहते हैं किन्तु उन्हें मोटिवेट कर इन केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।



इस अवसर पर लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, लोक कथा प्रभारी शम्भूशरण वर्मा, डा. एस.के.गोपाल, गौरव गुप्ता सहित अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र की प्रभारी शाजिया बानो, पलक, शिवम व अन्य उपस्थित रहे।

## 'अंगूरदाना आम' स्वाद में दशहरी को दे रहा टक्कर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंगूर तो आपने खूब खाए होंगे लेकिन अंगूर के आकार का आम क्या देखा है? अगर नहीं तो आपको बता दें कि इस साल आमों के सीजन में अंगूर के आकार का आम लोगों की जुबान पर अपने स्वाद का जलवा बिखेरे हुए है। इसका नाम है अंगूर दाना।

इस अनोखे आम का आकार भी अंगूर के बराबर है। वजन में ये आम मात्र 5 ग्राम का है, लेकिन खाने में इतना मीठा है कि आप दशहरी को भी भूल जाएंगे।

दरअसल दुनिया के सबसे छोटे आम का दर्जा इसे मिला हुआ है। इसी साल यह आम उगा भी है और खास बात यह है कि इस आम को उगाया है अपने बाग में एससी शुक्ला ने जो कि लखनऊ के रहने वाले हैं, वो अपने बाग पर 300 से ज्यादा वैरायटी के आम उगा चुके हैं।

**गुच्छे में आता है ये आमः** खास बात यह है कि अंगूर दाने का पेड़ अंगूर की ही तरह होता है। यह आम गुच्छे में आता है। देखने में पूरी तरह से अंगूर की तरह ये आम लगते हैं। इसी महीने जुलाई में होने जा रहे आम महोत्सव में एससी शुक्ला दुनिया के सबसे छोटे आम अंगूर दाना को लॉन्च करेंगे। आपको बता दें कि एससी शुक्ला वही हैं जिन्होंने पिछले साल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर योगीराज आम लॉन्च किया था और जिसकी खूब चर्चा हुई थी।







**300 से ज्यादा आमों की देसी-विदेशी प्रजातियां :** एससी शुक्ला ने बताया कि उन्हें आमों को लगाने का शौक था, तो एक बाग तैयार किया, फिर विभिन्न प्रजातियों को इसमें लगाना शुरू किया। परिणाम अच्छा निकला तो इस काम को करते-करते अब 11 साल हो गए हैं। करीब 300 से ज्यादा देसी-विदेशी प्रजातियां आमों की यहां पर मिलती हैं। आमों के जनक एससी शुक्ला ने बताया कि इस आम को अंगूर दाना का नाम दिया गया है। इसका स्वाद खाने में इतना मीठा है कि आप दशहरी, लंगड़ा, सफेदा और चौसा को भी भूल जाएंगे।

**बड़ी हस्तियां भी हैं स्वाद के मुरीदः** एससी शुक्ला के आमों के स्वाद का मुरीद न सिर्फ लखनऊ बल्कि इनके आम के स्वाद के दीवानों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मशहूर कवि कुमार विश्वास, अभिनेता अनुपम खेर, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर, संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ ही योग गुरु बाबा रामदेव भी हैं।

**नेचुरल ब्रीड है अंगूर दानाः** एससी शुक्ला से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि अंगूर दाना एक नेचुरल ब्रीड है। इसे इन्होंने शौक में उगाया है। देश की मशहूर हस्तियों के पास इसे भेजा है, उन्हें इसका स्वाद काफी पसंद आया है। बाजार में इसे इसलिए नहीं उतारेंगे क्योंकि इसके लिए इसका बड़ी मात्रा में पैदावार करनी होगी।

# संस्कृति और संगीत को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया : जयवीर सिंह

## जब हृदय समर्पित होता है गीत...पर मनमोहक प्रस्तुति देकर जीता दिल, राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का हुआ जीर्णोदार के बाद लोकार्पण






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का आज जीर्णोद्धारोपरांत भव्य लोकार्पण सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, जयवीर सिंह जी ने अत्याधुनिक ध्वनि, प्रकाश एवं अन्य सुविधाओं से सुसज्जित इस ऐतिहासिक प्रेक्षागृह का उद्घाटन करते हुए इसे प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में सरकार सतत प्रयासरत है। संस्कृति को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता के अंतर्गत यह प्रेक्षागृह नवजीवन प्राप्त कर रहा है।

मंत्री जयवीर सिंह ने यह भी बताया कि कलाकारों के हित में एक पारदर्शी भुगतान प्रणाली विकसित की जा रही है, जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पारिश्रमिक का भुगतान सीधे कलाकारों के बैंक खातों में किया जाएगा। यह व्यवस्था पारदर्शिता और समयबद्धता को सुनिश्चित करेगी। साथ ही, वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध कलाकारों के लिए विशेष पेंशन योजना का प्रारूप भी तैयार कर लिया गया है, जिसका क्रियान्वयन शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संस्कृति और संगीत को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है, जिससे लोककलाओं एवं पारंपरिक सांस्कृतिक स्वरूपों को नया जीवन और व्यापक मंच प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, मुकेश कुमार मेश्राम ने समारोह को संबोधित करते हुए राय उमनाथ बली प्रेक्षागृह की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया और इसे पुनः सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में देखने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने यह महत्वपूर्ण घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, और विजेताओं को आगामी 'उत्तर प्रदेश दिवस' के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट रूप से उपस्थित गणमान्य अतिथियों में सम्मिलित रहे सुप्रसिद्ध लोकगायिका जे. पी. सिंह, सलाहकार, संस्कृति मंत्री रंजन कुमार, प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य विभाग श्रीमती सेल्वा कुमारी जे., सचिव, नियोजन विभाग रणबीर प्रसाद, प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी प्रो. कुमकुम धर, अध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक संस्थान; स्वरेश्वर बली, एवं अध्यक्ष , संगीत नाटक अकादमी, डॉ जयंत खोत कार्यकारी परिषद के सदस्यगण, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित कलाकारगण एवं नगर के अनेक नागरिक।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कार्यशाला का समापन किया गया कार्यकर्म की शोभा बढ़ाने हेतु प्रमुख रूप से राग भूपाली में शास्त्रीय गायन (निर्देशनः कृतिका त्रिपाठी), जब हृदय समर्पित होता है गीत पर सुगम संगीत प्रस्तुति (निर्देशनः नमन सिंह), ह्यदिल है छोटा सा ह्व गीत पर गिटार वादन (निर्देशनः गौरव सिंह), कथक में गुरु वंदना एवं तीनताल (निर्देशनः एकता मिश्रा), तथा भरतनाट्यम में शिव स्तुति (निर्देशनः सौम्या वर्मा) शामिल थीं। प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और इस सांस्कृतिक मंच की पुनर्स्थापना को अत्यंत सार्थक बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर कुलसचिव सृष्टि धवन ने समस्त विशिष्ट अतिथियों, सांस्कृतिक क्षेत्र के सम्माननीय कलाकारों तथा उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह अवसर विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय प्रदेश की सांस्कृतिक उन्नति एवं संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## आर्टिस्ट फोरम ने सौंपा संस्कृति मंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जीर्णोद्धार के बाद राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का लोकार्पण करने आए संस्कृति पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को आज आर्टिस्ट फोरम उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों ने छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रेक्षागृह का किराया अधिकतम ड्योढ़ा कर साढ़े चार हजार रुपये करने, प्रसाद सभागार पहले की भांति कम किराये पर उपलब्ध कराने और अतिथि कक्ष, गुलाबबाई कक्ष इत्यादि की पूर्वाभ्यास व्यवस्था बहाल करने का आग्रह है। फोरम ने ज्ञापन की प्रतियां प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, भातखण्डे सं.विवि कुलपति माण्डवी सिंह व कुलसचिव डा.सृष्टि धवन, पद्मश्री मालिनी अवस्थी और बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष डा.कुमकुम धर को भी सौंपी।

उक्त जानकारी देते हुए फोरम के संयोजक प्रभात मिश्र ने बताया कि भातखण्डे प्रशासन का इरादा बली हाल का किराया लगभग साढ़े तीन गुना बढ़ाने का है, जो कलाकारों के साथ अन्याय है।

प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत सहेजने के लिए काम कर रहे कला संस्कृति के संस्थानों का उद्देश्य ऐसे प्रेक्षागारो-सभागारों से धन कमाना नहीं, कलाओं को प्रश्रय और

- साढ़े चार से अधिक न हो बली हाल का किराया, पूर्ववत मिलें सुविधाएं

प्रोत्साहन देते हुए संस्कृति-संस्कारों, कलाओं-लोक कलाओं और परम्पराओं पर प्रयोग और प्रसार के लिए कलाकारों और नयी पीढ़ी को अपनी परम्पराओं और संस्कृति के प्रति संस्कारित व शिक्षित करना है। फोरम के प्रतिनिधियों प्रभात मिश्र व सोनी त्रिपाठी ने संस्कृति मंत्री से मुलाकात कर कलाकारों की समस्याओं से अवगत कराने के संग ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि बली प्रेक्षागृह का किराया साधारण कला संस्थाओं की पहुंच के दायरे में रखते हुए अधिकतम ड्योढ़ा करते हुए साढ़े चार हजार रुपए से अधिक न किया जाए।.कम किराये पर बली प्रेक्षागृह उपलब्ध होने के साथ रंग संस्थाओं को पूर्वाभ्यास के लिए नौटंकी कलाकार गुलाबबाई के नाम पर गुलाब बाई कक्ष भी चार चार घंटे की तीन शिफ्टों में मात्र एक सौ रुपये प्रति शिफ्ट प्रति दिन के किराए पर उपलब्ध होता था। यह सुविधा भी रंगकर्म प्रोत्साहन के नाते पुनः अधिकतम डेढ़ सौ रुपये सस्ती दरों पर बहाल की जाए। बली प्रेक्षागृह के ठीक पीछे दो हाल भी रंग संस्थाओं को पूर्वाभ्यास स्थल के रूप में उपलब्ध कराने के लिए तैयार कराए गए थे, किंतु बाद में वहां राष्ट्रीय कथक संस्थान यानी वर्तमान बिरजू महाराज कथक संस्थान की कक्षाएं चलने लगीं और वह हाल भी उपलब्ध नहीं रह गए।

वर्तमान परिस्थितियों में रंगकर्म को बढ़ावा देने के लिए बली प्रेक्षा गृह कला परिसर में गुलाब बाई कक्ष के अतिरिक्त कम से कम एक और पूर्वाभ्यास कक्ष सस्ती दरों पर कलाकारों और रंग संस्थाओं को उपलब्ध कराए जाएं।

## नार्वे रवाना हुआ सीएमएस छात्र दल



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस का पांच सदस्यीय दल एक माह के अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर में प्रतिभाग के लिए नार्वे रवाना हो गया। नार्वे रवाना हुए इस दल के छात्र सदस्यों में वैभवी तिवारी, आबिदा हुसैन अंसारी, आद्या भटनागर एवं अविघ्न कुशवाहा शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षिका साक्षी सिंह कर रही हैं। यह जानकारी सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इंग्लैण्ड की चिल्ड्रेन्स इण्टरनेशनल समर विलेज संस्था (सीआईएसवी) के तत्वावधान में आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर 27 जून से 24 जुलाई तक नार्वे के ट्रोंडेलाग शहर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई देशों के 11 से 12 वर्ष उम्र के छात्र अपने शिक्षकों के नेतृत्व में प्रतिभाग कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर के दौरान विभिन्न देशों के बच्चे लगभग एक माह तक एक साथ एक छत के नीचे रहकर एकता, शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने वाली अनेकानेक गतिविधियों में सम्मिलित होंगे एवं एक-दूसरे से अपने विचारों को साझा कर अंतर-सांस्कृतिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने में महती भूमिका निभायेंगे।

## भाषा विवि में चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम जारी

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा कई पाठ्यक्रमों के चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें एमबीए, एमसीए, एमकॉम, एमटेक (कंप्यूटर साइंस), एमटेक (मैकेट्रॉनिक्स) और एलएलएम है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, रजिस्ट्रार एवं वर्तमान में परीक्षा नियंत्रक (सीईओ) का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे डॉ. महेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा विभाग द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि यदि किसी विद्यार्थी को अपने परिणाम में कोई त्रुटि दिखाई देती है, तो वह विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्यालय से संपर्क कर सकता है। अधिक जानकारी एवं परिणाम देखने के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विज़िट करें।

## आईआरसीटीसी करायेगा थाईलैंड की सैर

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी लखनऊ कार्यालय द्वारा एक आकर्षक अंतर्राष्ट्रीय टूर थाईलैंड कॉलिंगर का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष टूर 30 जुलाई से 04 अगस्त तक किया जायेगा, जिसमें यात्रियों को पटायाऔर बैंकॉक की 6 दिवसीय विदेशी यात्रा कराई जाएगी। टूरकीविशेषताओं में इस टूर में यात्रियों को एयर एशिया की डायरेक्ट फ्लाइट से यात्रा, चार सितारा होटल में ठहराव, भारतीय भोजन (5 ब्रेकफास्ट, 5 लंच, 4 डिनर), ट्रैवल इंश्योरेंस, गाइडसुविधा सहित कई प्रमुख दर्शनीय स्थलों जैसे टाइगर पार्क, कोरल आइलैंड, अल्काजार शो, बैंकॉक मंदिर दर्शन, चाओफ्राया क्रूज डिनर, सफारी वर्ल्ड, सी लाइफ ओशियन वर्ल्ड व जेम्स गैलरी का भ्रमण कराया जाएगा।

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने दो नाबालिग को बचाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में दो नाबालिग बच्चों को असहाय अवस्था में पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द किया गया।

गुरुवार को बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर तैनात महिला कांस्टेबल सरिता यादव को प्लेटफार्म पर एक 10 वर्षीय बालिका अकेली बैठी मिली। पूछताछ में बच्ची ने अपना नाम आलिया बताया तथा बताया कि वह बरेली स्टेशन से किसी गाड़ी में चढ़ गई थी और नींद में बाराबंकी स्टेशन पर उतर गई। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह गाड़ियों में भीख मांगती है। उक्त संवेदनशील स्थिति को देखते हुए महिला कांस्टेबल द्वारा तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित किया गया। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी से काउंसलर कंचन सोनकर पोस्ट बाराबंकी पहुंचीं और निरीक्षक कपिल कुमार एवं महिला कांस्टेबल सरिता यादव द्वारा उक्त बच्ची को सुरक्षित एवं स्वस्थ अवस्था में उन्हें सुपुर्द किया गया। इसी दिन वाराणसी स्टेशन पर मण्डल द्वारा गठित चेकिंग दल जिसमें सहायक उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका दुबे शामिल थीं, प्लेटफार्म संख्या 05 पर निरीक्षण के दौरान एक 11 वर्षीय बालक को अकेले व उदास अवस्था में बैठे हुए देखा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गुलशन बताया और यह भी बताया कि वह घर से नाराज होकर स्टेशन आया है। उसकी सुरक्षा एवं हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल चाइल्ड लाइन को सूचित किया गया। कुछ समय पश्चात चाइल्ड लाइन से विशाल सिंह स्टेशन पर पहुंचे, जिनके समक्ष बालक को नियमानुसार सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के अंतर्गत स्टेशन परिसरों में असहाय, लावारिस एवं नाबालिग बच्चों की पहचान कर उनकी सुरक्षा हेतु सतत रूप से कार्यरत है। यह अभियान न केवल मानवता की मिसाल है बल्कि समाज में रेलवे की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी दशार्ता है। भारतीय रेल सभी यात्रियों से अपील करती है कि यदि वे किसी भी नाबालिग बच्चे को स्टेशन पर असहाय या संदिग्ध अवस्था में देखें, तो तत्काल पद्धऋस्टाफ, रेल हेल्पलाइन 139 या अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन स्टाफ को सूचित करें। आपकी सतर्कता एक नन्हे जीवन को सुरक्षित भविष्य दे सकती है।

## दवा का प्रिस्क्रिप्शन पढ़ना हुआ आसन

**लखनऊ।** अब मरीजों को चिकित्सकों की लिखी दवाएं पढ़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी और वह इसे आसानी से समझ सकेंगे । इसके साथ ही दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन भी उनके हेल्थ रिकॉर्ड में दर्ज रहेगा । इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने कहा कि जनपद में कुल 54 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) हैं इनमें से 48 यूपीएचसी पर डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू कर दी गयी है । इसे सीधे मरीजों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी से जोड़ा जा रहा है इससे न सिर्फ दवा लेने में सुविधा होगी बल्कि मरीजों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कई बार समस्या सामने आती है कि न तो मरीज और न ही फार्मासिस्ट चिकित्सक की लिखावट समझ पाते है। ऐसे में दवा का पता लगाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है । इसलिए 54 में से 48 यूपीएचसी पर सुविधा शुरू की गयी है जिसके तहत मरीजों को हाथ से लिखने की जगह दवाओं का विवरण प्रिंट करके दिया जा रहा है । जल्द ही यह सुविधा अन्य 6 यूपीएचसी पर शुरू हो जाएगी । इसके साथ ही मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड रखने के लिए इसे आभा आईडी से जोड़ा जा रहा है।

## राजधानी में कोरोना के दो नये मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी में पिछले 24 घंटे में कोविड के 02 धनात्मक रोगी पाए गए जिनमें से एक 26 वर्षीय महिला जगत नारायण रोड और एक 27 वर्षीय पुरुष शाहमीना रोड के रहने वाले है ।दोनों रोगी होम आइसोलेशन में है । वर्तमान में जनपद में कुल कोविड धनात्मक रोगियों की संख्या 74 एवं एक्टिव केसेस की संख्या 12 है।

## लविवि के छात्रों ने जी-पैट में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लखनऊ।** लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के छात्रों ने जी-पैट 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बी. फार्मा तृतीय वर्ष के अमरेंद्र मौर्या ने 610वीं रैंक हासिल की, जबकि बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इनमें कुहू ने 583वीं रैंक, अदिति श्रीवास्तव ने 1369वीं रैंक, आयुषी श्रीवास्तव ने 1779वीं रैंक, सुधांशु द्विवेदी ने 2724वीं रैंक, ज्योति गुप्ता ने 2927वीं रैंक, अब्दुल शादाब ने 3947वीं रैंक और दीपेंद्र प्रताप सिंह ने 4863वीं रैंक हासिल की। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

## बीबीएयू ने यूजी, पीजी, पीएचडी एडमिशन और नॉन-नेट फेलोशिप पर जारी की गाइडलाइंस

### कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने शोधार्थियों को दिया संदेश, यूजी कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश नीति को मंजूरी दी गयी है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ द्वारा चार महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं जारी की गयीं हैं, जो विश्वविद्यालय की 82वीं अकादमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए निर्णयों पर आधारित हैं। इन अधिसूचनाओं में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश नीति, पीएचडी कार्यक्रम की गाइडलाइन और नॉन-नेट फेलोशिप की संशोधित रूपरेखा शामिल है। अभ्यर्थी सभी प्रकार की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट http: //www.bbau.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं।



यूजी कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश नीति को मंजूरी दी गयी है। इस नीति के अनुसार छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित दिशा-निर्देश सभी संबंधित विभागों और अमेठी परिसर तक भेज दिए गए हैं। स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के लिए भी इसी सत्र की प्रवेश नीति को स्वीकृति दी गई है। इस नीति के अनुसार गुणवत्ता आधारित और पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनानी होगी।

पीएचडी प्रवेश से संबंधित अधिसूचना में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल का एक विशेष संदेश भी शामिल है।

बीबीएयू आधिकारिक वेबसाइट (पंजीकरण व सूचना के लिए : http://www.bbau.ac.in
पीएचडी नियमावली 2023 देखने हेतु : https://www.bbau.ac.in/Docs/Regulations/3837.pdf
यूजीसी-नेट / सीएसआईआर-नेट सूचना बुलेटिन : www.nta.ac.in | www.ugcnet.nta.ac.in
आचार संहिता (Code of Conduct) के लिए : https://www.bbau.ac.in/Docs/DSW/CodeofConduct.pdf

कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के अनुसार विश्वविद्यालय का पीएचडी कार्यक्रम नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार किया गया है, जो लचीलापन, अंतर्विषयी शोध और उद्योग-सामाजिक आवश्यकताओं के साथ अनुसंधान को जोड़ता है। इसके अतिरिक्त कुलपति जी ने बताया कि बीबीएयू ने शिक्षा, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ए++ नैक प्रत्यायन और एनआईआरएफ रैंकिंग में 33वां स्थान इसका प्रमाण है।

हमारा प्रयास है कि शोधार्थियों को सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन, आधुनिक अनुसंधान ढांचा और विशेषज्ञ संकाय की मदद मिले। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने नॉन-नेट फेलोशिप के लिए संशोधित दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिससे ऐसे शोधार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा जो नेट/जेआरएफ के अंतर्गत नहीं आते। यह निर्णय आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन योग्य छात्रों के लिए शोध के रास्ते खोलता है। सभी छात्र एवं अभ्यर्थी निम्नलिखित महत्वपूर्ण लिंक्स पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है : अंकित शास्त्री

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री रामलीला समिति महानगर द्वारा श्री रामलीला मैदान सेक्टर सी, महानगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को धुंधकारी प्रसंग की कथा सुनायी गयी। कथा का प्रारंभ योग शिक्षिका भावना लोहानी एवं उनके पति नीरज लोहानी द्वारा पूजन के बाद हुआ। कथा का प्रारंभ करते हुए पंडित अंकित शास्त्री महाराज ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि सारे पुराणों का सार भागवत है। कथा श्रवण करने से चेतना आती है, मोक्ष की प्राप्ति होती है और मनुष्य के आचरण में शुद्धता आती है। मनुष्य के जीवन में सुख और दुख आते रहते हैं लेकिन मनुष्य को कभी भी दुखों से घबराना नहीं चाहिए बल्कि ईश्वर का ध्यान कर शांतिपूर्वक दुखों से निपटाने का प्रयास करना चाहिए और विश्वास के साथ कह सकते हैं मनुष्य इस दुख से मुक्ति पा जाता है। आचार्य अंकित शास्त्री ने धुंधकारी प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि धुंधकारी महर्षि अत्रि के पुत्र गौतम ऋषि के वंशज गोकर्ण के भाई थे जो विलासी प्रवृत्ति का व्यक्ति था इस विलासिता के कारण वेश्याओं ने उनकी हत्या कर दी थी हिंसक और पाप में मृत्यु के कारण उसकी आत्मा प्रेत योनि में भटकती रही। प्रेत योनि में वह भयंकर पीड़ा में था गूगल उसका भाई धार्मिक एवं तपस्वी प्रवृत्ति का व्यक्ति था जब उसे अपने भाई की दशा का पता चला तो वह उसके उद्धार के उपाय सोचने लगा अंत में उसे पता चला कि सात दिवसीय भागवत राकेश श्रवण से उसके भाई की आत्मा को प्रेत योनि से मुक्ति मिल सकती है तो उन्होंने सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया। इसके बाद धुंधकारी की आत्मा को प्रेत योनि से मुक्ति मिल गयी। इस अवसर पर रामलीला समिति की सभी पदाधिकारी विशेष रूप से दीपक पांडे दीनू, गिरीश जोशी, संजय श्रीवास्तव, आनंद सिंह, देवेंद्र मिश्रा, अनिल जोशी, संजय पांडे, नीरद लोहानी, बृजेश मेहता, हरीश लोहुमी, तारा जोशी, भावना लोहानी, भारती पांडे, विनोद पंत बीनू, सोभन पांडा आदि लोग विशेष रूप से उपस्थित थे।

## 44.54 करोड़ की लागत से संवर रहा है देवरिया सदर स्टेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-भटनी विद्युतीकृत खंड पर स्थित देवरिया सदर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 44.54 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। देवरिया को ह्यदेवनगरीह्व या ह्यदेवस्थानह्व भी कहा जाता है। देवरहा बाबा की जन्म भूमि देवरिया शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की समाधि के लिये भी विख्यात है। देश के स्वतंत्रता संग्राम में देवरिया का एक प्रमुख स्थान है। देवरिया सदर स्टेशन सीधी ट्रेन सुविधा से दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, चण्डीगढ़, वाराणसी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, आसनसोल, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, अमृतसर, पुणे, भोपाल, रायपुर, अहमदाबाद, राँची, जयपुर, उदयपुर, पटना, मथुरा, गुवाहाटी, जम्मूतवी आदि नगरों से जुड़ा है। वर्तमान में इस स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 3,500 यात्रियों का आवागमन होता है।

आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत देवरिया सदर स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया एवं वेटिंग हॉल/रूम का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यात्रियों को धूप एवं वर्षा से बचाव हेतु प्लेटफॉर्मों पर 22-बे के यात्री छाजन का प्रावधान किया गया है। एन.एस.जी.-3 श्रेणी के इस स्टेशन पर वर्तमान में फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.), पूछताछ कार्यालय, जनसम्बोधन प्रणाली, 10 टिकट खिड़की, कोच इंडीकेशन बोर्ड, साइनेज, सी.सी.टी.वी. कैमरा, प्रसाधन, वेटिंग हॉल, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज, पुरुष एवं महिलाओं के लिये अलग-अलग वेटिंग रूम एवं डॉरमेट्री उपलब्ध हैं। यहाँ पर 02 एस्केलेटर लगाये गये हैं। सकुर्लेटिंग एरिया में बेहतर प्रकाश के लिये हाई मास्ट टावर लगाया गया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत देवरिया सदर स्टेशन के स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है तथा आधुनिक सुख-सुविधाओं का विकास एवं विस्तार किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत स्टेशन के एप्रोच रोड एवं सकुर्लेटिंग एरिया में सुधार तथा स्टेशन भवन में प्रवेश पोर्टिको में सुधार का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वेटिंग हॉल एवं प्रसाधन का निर्माण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिये 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) तथा 03 लिफ्ट एवं 02 एस्केलेटर लगाये जायेंगे। स्टेशन पर अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेज लगाये जायेंगे। स्टेशन भवन को आकर्षक फसाड लाइटिंग से सुसज्जित किया जायेगा।

## पीडब्ल्यूडी : दिव्यांग पति को किया जा रहा परेशान

विशेष संवाददाता (vol)

- विधायक से पीड़ित की पत्नी ने लगायी गुहार, विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र
- दिव्यांग कर्मचारी के पक्ष में उतरा मिनिस्टीरियल एसोसिएशन

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग में वरिष्ठ सहायक पद पर तैनात चंद्र प्रकाश चौधरी की पत्नी ने विधायक अनुराग सिंह को पत्र लिखकर पति को परेशान करने का आरोप लगाया है। इस पर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पीड़िता की समस्या को बताते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की। वहीं, मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, कार्यालय प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष ने भी नीलम चौधरी पत्नी चंद्र प्रकाश चौधरी, वरिष्ठ सहायक के साथ गुटबाजी को विराम देने के लिए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

नीलम देवी पत्नी चंद्र प्रकाश चौधरी के दिव्यांग पति, जो वरिष्ठ सहायक के पद पर मुख्यालय-1 में तैनात है। विनय शुक्ला कंप्यूटर ऑपरेटर ने मुख्यालय-1 के अन्य स्टाफ के साथ मिलकर चंद्र प्रकाश चौधरी को परेशान करने को लेकर अनुराग सिंह, विधायक मीरजापुर से गुहार लगायी है कि मुख्यालय-1 में लगभग 12 से 20 वर्षों से जमे स्टाफ को हटाया जाय। उनका आरोप है कि चंद्र प्रकाश चौधरी दिव्यांग होने के बावजूद अपनी सारी जिम्मेदारी निभा रहे लेकिन उनके साथ काम करने वाले कर्मचारी लगातार उनकी दिव्यांगता को लेकर तंज करते है और षडयंत्र करते हुए मुख्य अभियंता (मुख्यालय-1) कैंप में तैनात स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से हस्ताक्षर करते हुए उनके पति चंद्र प्रकाश चौधरी का स्थानांतरण अंयत्र करने की मांग की जा रही है। इसके चलते वह लगातार मानसिक रूप से परेशान चल रहे है, जिसके कारण उनका ब्लड प्रेशर और डायबिटिक लेवल इन दिनों अक्सर बढ़ रह रहा है।

संक्षेप

## चोरी के सामान सहित तीन गिरफ्तार

बांदा। कोतवाली नगर पुलिस ने कई स्थानों से चोरी करने वाले तीन आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के कमाई मिल के पास रहने वाले कुशल यादव ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध चोरी किए जाने की सूचना कोतवाली में दी थी। बीते गुरूवार को कालूकुआं तिंदवारी रोड निवासी कपिल अवस्थी ने 24 जून को घर में अज्ञात लोगों द्वारा चोरी करने के बारे में जानकारी दी थी। उसके इस संबंध में कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपी तिंदवारी रोड बाईपास के पास खड़े हैं इस पर पुलिस ने उन्हे त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया पूंछताछ करने पर आरोपियों ने जुर्म स्वीकार कर लिया और इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के इलेक्ट्रानिक उपकरण, घरेलू बर्तन, सफेद व पीली धातु के आभूषण, सिलाई मशीन और 2200 रुपये नकद बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में बल्लू पुत्र शिवशंकर, सुनील कुमार रैदास पुत्र ठाकुरदीन व लल्लू प्रजापति पुत्र रामप्रसाद प्रजापति निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, चैकी प्रभारी मंडी स्वाहिला उप निरीक्षक रश्मि सिंह, हेड का0 इंद्रपाल सिंह, का0 प्रशांत कुमार व अनुराग यादव रहे।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

ललितपुर। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर में एक अधेड़ युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि सैदपुर के फार्म के पास रामपुर हार में युवक का शव लटका पाया गया। मृतक की शिनाख्त सैदपुर निवासी राजू पुत्र मंगल सिंह लोधी के रूप में की गयी है। पुलिस ने जांच.पड़ताल शुरू कर दी है।

## ताजिए का निकला जुलूस

अयोध्या। चांद की 29 तारीख गुरुवार को सैयद काजिम के नाम से उठने वाला ताजिए का जुलूस अपनी तारीख अपने समय के हिसाब से चैक की मस्जिद हसन रजा खां से निकाला गया जो राठ हवेली कश्मीरी मोहल्ले में जाकर खत्म हुआ। बताया जाता है कि इस जुलूस को उठते हुए तकरीबन 70 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं इसी जुलूस से मोहर्रम का आगाज हो जाता है इस जुलूस में अंजुमन गुंच ए मजलूमियां खवासपुरा अयोध्या फैजाबाद और अंजुमन मासूमिया राठ हवेली फैजाबाद ने शिरकत का नौहा ख्वानी व सीना जनी की और जुलूस को अपने तयशुदा मार्गो से ले जाकर राठ हवेली में खत्म किया।

# अभिनव शिक्षा अभियान से पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश

जिला संवाददाता

ललितपुर। शैक्षिक रुप से पिछड़े जिलों में शुमार ललितपुर में अब शिक्षा के क्षेत्र में एक नई आशा का संचार हो रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले में विगत शिक्षा सत्र 2024.25 में कक्षा 8 पास प्रत्येक विद्यार्थी का कक्षा 9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा घर.घर कराये जा रहे सर्वे के अनुसार विगत तीन वर्षों में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद और किसी भी कारण से पढ़ाई छोड़ ? वाली 12 से 18 वर्ष की बालिकाओं का संगत कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी द्वारा चलाये जा रहे ललितपुर अभिनव शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी ब्लॉकों के लिए नोडल बनाये गए जिला स्तरीय अधिकारियों व उनके सह नोडल बनाये गए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने विस्तृत समीक्षा बैठक की। डीएम ने नोडल अधिकारियों से अपने.अपने नामित ब्लॉकों के गांवो का भ्रमण कर कक्षा 8 पास विद्यार्थियों के 9वीं कक्षा में प्रवेश तथा 12 से 18 वर्ष की वह बालिकाएं जो किन्हीं कारणों से विगत तीन वर्षों से ड्रॉपआउट हैंए की स्थिति को जानाए जिस पर नोडल अधिकारियों द्वारा अपने भ्रमण में अब तक प्रवेश नहीं लेने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों से वार्ता कर प्रवेश नहीं लेने के कारणों को बताया गयाए जिसमें अधिकतर विद्यार्थियों के प्रवेश न लेने का कारण आर्थिक स्थिति ठीक न होनाए घर से विद्यालयों की दूरी अधिक होने के कारण जाने के साधनों का अभावए शिक्षा के प्रति रुचि न होना एवं बाल विवाह जैसी समस्या सामने आयी है। इस पर डीएम ने गहन चिन्तन करते हुए जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वह आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना सहित सरकार की आर्थिक रुप से समृद्ध करने वाली विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाएए इसके साथ ही

- आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों को दिलायेंगे सरकारी योजनाओं का लाभए ताकि बच्चों का करा सके नामांकन रू डीएम
- बालिकाओं की शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी विद्यालय की दूरीए साइकिल से जा सकेंगी स्कूल
- बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरुक करने गांव.गांव में दिखायी जायेंगी डॉक्यूमेंट्री फिल्म
- आठवीं पास हर बच्चे को 9वीं में प्रवेश व विगत तीन साल से पढ़ाई छोड़ चुकी बालिकाओं का ब्यौरा तैयार
- नोडल अधिकारियों को मिशन मोड पर प्रवेश दिलाने के निर्देश



उन्होंने कहा कि जो बालिकाएं घर से दूरी होने के कारण विद्यालयों में प्रवेश लेने से हिचक रही हैंए उन्हें दूसरे स्त्रोतों से साइकिल भी उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि वह यूनीसेफ के लोगों से सम्पर्क कर प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री मूवीए छोटे.छोटे वीडियो क्लिपिंगए सक्सेस स्टोरीज आदि के वीडियो पंचायत सचिवालयों में डिस्प्ले के माध्यम से विद्यार्थियोंए उनके अभिभावकों एवं ग्रामीणों को दिखाएंए जिससे उनमें शिक्षा के प्रति जागरुकता आये और स्वयं प्रेरणा से विद्यालयों में प्रवेश के लिए उत्साहित हो सकें। डीएम ने अभियान में लगाये गए सभी अधिकारियों को बताया कि यदि गांव में बालिकाओं का बाल विवाह हो गया हैए तो उनके साथ सकारात्मक व्यवहार करते हुए सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी देकर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करें और ऐसी बालिकाओं की पृथक से सूची तैयार करें। यदि गांव में 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग छात्र.छात्राएं हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी देकर उनके आवेदन पत्र भरवाकर योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को सूचीबद्ध कर लिया जाएए जिनके अभिभावकों व माता.पिता के आय प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं उनकी सूची तैयार कर जिले पर उपलब्ध करायी जाएए ताकि शीघ्रता से उनके प्रमाण पत्र बनवाये जा सकें। बैठक में डीडीओ अतिरंजन सिंहए डीपीआरओ ओपी सिंहए डीएसओ उमेश मिश्राए डीआईओए प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंहए खण्ड शिक्षा अधिकारी व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नयी शिक्षा नीति उद्देश्यों को लेकर शिक्षकों की कार्यशाला

बांदा। शहर के सन्त तुलसी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, आधुनिक मनोवैज्ञानिक बाल आधारित कक्षा शिक्षण को सुगम व रूचिकर बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कानपुर के अनुभवी प्रशिक्षक एस० एस० चाडोक ने हैपी टीचर हैप्पी क्लास रूम और हैप्पी लर्निंग आधारित शिक्षण विधियों पर प्रकाश डाला।

दूसरे दिन इन्डानिका लर्निंग ग्रुप की ओर से मुख्य प्रशिक्षक, नरेन्द्र मिश्रा मधुबनी बिहार अफजल ग्रुप यू०पी० हेड, इलाहाबाद ने प्रभावी ढंग से नई शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम 2022 विशिष्ट उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए शिक्षण विधियों क्षमता सम्बन्धित कार्यकम सीबीपी और सदी के आवश्यक कौशल को शैक्षणिक गतिविधियों से विकसित करने पर जोर दिया। कार्यशाला के तीसरे दिन मैकमिलन एजूकेशन की ओर से शिवानी त्रिवेदी, लखनऊ ने एनसीएफ 2023 को विस्तार से प्रस्तुत किया। शिक्षक, शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता एवं आवश्यकतानुसार शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला में स्कूल की तीनों शाखाओं के 71 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्रबन्धक, सन्त कुमार गुप्ता, स्कूल एडवाइजरी बोर्ड मेम्बर, बिन्दु कुमार गुप्ता, कार्यकारी प्रबन्धक डॉ० मनीष कुमार गुप्ता, डायरेक्टर जगनायक यादव, प्राचार्या रीना ओमर, उप प्राचार्या डा० रिन्कू सिंह एवं शैक्षणिक व गैर शिक्षण कर्मचारियों का योगदान रहा।

## संविधान हत्या दिवस पर अभाविप का आक्रोश




ललितपुर। भारतीय लोकतंत्र का वह काला दिनए जब सत्ता की लालसा में संविधान को रौंद दिया गया। और अबए 50 वर्षों बाद 25 जून 2025 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ललितपुर द्वारा उस तानाशाही निर्णय के विरोध में संविधान हत्या दिवस के रूप में आक्रोश मशाल यात्रा निकाली गई। यह मशाल जुलूस नगर के नझाई बाजार स्थित परिषद कार्यालय छात्र शक्ति भवन से प्रारंभ होकर सावरकर चौक होते हुए घंटाघर पर समाप्त हुआ। इस यात्रा में सैकड़ों अभाविप कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में मशाल लेकर लोकतंत्र की रक्षा की शपथ ली और 1975 के आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों की कड़ी आलोचना की। नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज हम अगर अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर पा रहे हैंए तो यह हमारे उन मीसा बंदियों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम हैए जिन्हें तानाशाही शासन ने जेलों में डाला था। सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह मशाल यात्रा लोकतंत्र के प्रति युवा पीढ़ी की सजगता और जागरूकता का प्रतीक बनीए जिसने यह संदेश दिया कि देश के संविधान और नागरिक अधिकारों पर किसी भी प्रकार की आंच सहन नहीं की जाएगी।

## ईओ ने वार्डो का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

ललितपुर। ईओ दिनेश कुमार व कर निर्धारण अधिकारीध्अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद ने वार्ड नंबर 3 मोहल्ला नेहरू नगर एवं वार्ड नं 1 मुहल्ला सिद्दनपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 1 मोहल्ला सिद्दनुपरा में मोहल्लेवासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गया कि जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के पीछे मोहल्ले के ही निवासी एक व्यक्ति द्वारा बीच सड़क पर मिट्टी डालकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया हैए जिस पर ईओ ने टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे व स्थलीय निरीक्षण कर रास्ते में मिट्टी डालने वाले व्यक्ति से जमीन सम्बन्धी अभिलेख मांगे गयेए जिस पर व्यक्ति अभिलेख नहीं दिखा सका।

## संभ्रांत लोगों के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक



बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को देखते हुए थाना कोतवाली देहात में पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे ने आगामी मोहर्रम व कांवड़ यात्रा सकुशल तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए क्षेत्र के संभ्रांत हिन्दू और मुस्लिमों के साथ बैठक कर त्योहार शांतिपूर्ण मनाने के लिए चर्चा की। उन्होने सभी को शासन की गाइडलाइन के तहत त्योहार मनाने के बारे में जानकारी दी। संभ्रांत लोगों ने मोहर्रम व कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी अनूप दुबे को क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का अनुरोध किया। प्रभारी निरीक्षक ने भरोसा दिया कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। कहा कि सभी धर्मावलंबी आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाएं। बैठक में जमालपुर, लांमा, करहिया, जारी, जौरही, हथौड़ा व छनेहरा लाल पुर के लोग मौजूद रहे। इस दौरान कोतवाली देहात के सब इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अधोमानक व अनफिट स्कूल वाहनों के संचालन पर दर्ज होगी एफआईआरः एआरटीओ

बहराइच। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि स्कूली वाहनों की जांच पड़ताल में 54 स्कूली वाहन ऐसे मिले जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित स्कूल के प्रबंधको, प्रधानाचार्य व वाहन स्वामियों को फिटनेस कराये जाने हेतु नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बगैर फिटनेस व अन्य आवश्यक कागजातों के स्कूल वाहनों का संचालन करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अनफिट स्कूली वाहनों के स्वामियों, विद्यालय के प्रबंधको को डाक से नोटिस प्रेषित कि गई है। प्रबंधकों व प्रधानाचार्यो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि कि स्कूली वाहनों को मानक के अनुरुप संचालित किया जाए, स्कूल वाहनों के लिए निर्धारित मानक की जानकारी देते हुए एआरटीओ ने बताया कि वाहन पीले रंग का हो, स्कूल का नाम लिखा हो, आपातकालीन फोन नम्बर लिखे होने चाहिए, बसों में दो व वैन में एक अग्निशमन यत्र की व्यवस्था, क्षमता से अधिक बच्चे सवार न हो।

# पथरी बालू खण्ड में करोड़ों के जुर्माने के बावजूद अवैध खनन

जिला संवाददाता

बांदा। सदर तहसील की पथरी बालू खण्ड में अवैध खनन के चलते 8 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया जा चुका है लेकिन खदान संचालक रवीश गंबर लगातार अवैध खनन करने से बाज नही आ रहे हैं। शुक्रवार को किसान बरदानी की पत्नी रूकमिन व बेटी निवासी ग्राम पथरी

- किसानों के खेतों से जबरन निकाली जा रही बालू



थाना कोतवाली देहात ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा कि पीड़िता के पति व अन्य कृषक खाताधारकों ने मुख्तार नामा आम 100 रुपये के स्टाम्प में एक मार्च 2021 को तहसील में एक साल के लिए लिखा पढ़ी कराई गयी थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लिखा पढ़ी के बावजूद मानसिंह ठेकेदार ने वर्ष 2021 से 2025 तक खेत से बालू निकाली लेकिन उसके पति को आज तक धनराशि नही दी गयी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति जीविका चलाने में असमर्थ है। मांगने के बावजूद जान से मारने की धमकी दी जा रही है और पैसा नही दिया जा रहा है। हाल ही में बालू भरे ट्रकों को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी पर एसडीएम को थप्पड़ मारने के मनगढंत आरोप लगे थे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को हवा देने का पूरा काम किया साथ ही विधायक प्रकाश द्विवेदी सहित योगी सरकार पर भी अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया में खबरें वायरल की गयी थीं। बावजूद इसके प्रशासन अवैध खनन और अवैध बालू के कारोबार पर कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नही आया। पथरी बालू खण्ड का पट्टा मयूर बाक्साइड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम है। पट्टाधारक रवीश गंबर की खदान पर अब तक करोड़ों रुपये के जुमार्ने की नोटिस दी जा चुकी है लेकिन मजबूत पकड़ के चलते यहां लगातार अवैध खनन जारी है। सूत्र बताते हैं कि बांदा निवासी चैरसिया नामक व्यक्ति प्रशासन को मैनेज करने और कानूनी दांवपेंच को ठेंगा दिखाकर अवैध खनन करने में मददगार साबित हो रहा है। इसके संचालकों ने बीते दिनों अवैध खनन और अवैध परिवहन जारी रखने के लिए खनिज इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए थे। 30 जून से बालू खदानें बंद हो जाएंगी। इस दौरान खदान संचालकों ने वैध डंप की आड़ में भारी पैमाने पर बालू का डंप किया है और सीमा से अधिक मात्रा में बालू एकत्र की है। इससे राजस्व का भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन जान कर भी अनजान बना है। यही वजह है कि विपक्षी पार्टी लांछन लगाकर अपने मंसूबों पर कामयाबी का ढिंढोरा पीट रही हैं।

## डीएम के निर्देश पर 41 ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देश पर बीती रात ग्राम पथरी मोड़ के पास अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में 41 वाहनों के विरूद्ध जांच के बाद कार्रवाई हुई। डीएम जे0 रीभा ने अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जांच टीम में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज और खान अधिकारी ने उप खनिजों से लदे वाहनों, टैम्पर्ड नंबर वाहनों व एक्सडेंट बॉडी वाहनों की जांच की। इस दौरान 9 वाहन उप खजिन का अवैध परिवहन करते मिले। इन वाहनों को थाना कोतवाली देहात की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसके अलावा उप जिलाधिकारी बांदा, पैलानी, अतर्रा, नरैनी, बबेरू और यात्रीकर अधिकारी ने अलग-अलग क्षेत्रों में वाहनों की जांच की और उप खनिजों आ ओवरलोड बिना परिवहन प्रपत्र एक्सडेंट बॉडी व टैम्पर्ड नंबर के कुल 32 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की। इन वाहनों को थानों की सुपुर्दगी में दिया गया है। बताते चलें कि जिलाधिकारी की सख्ती के बावजूद ओवरलोडिंग थमने का नाम नही ले रही है।

# दंगा, बलवा से निपटने के लिए कराया अभ्यास



जिला संवाददाता

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के दौरान सलामी ग्रहण की। एसपी ने इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। साथ ही बलवा ड्रिल के अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर.बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी गयी। पुलिसकर्मियों को दंगा.नियंत्रण

- साप्ताहिक परेड के दौरान एसपी ने देखी बारीकियां
- शहर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर एसपी ने दिया सुरक्षा का भरोसा

उपकरण अश्रु गैस के गोलेए टीयर स्मोक सेलए हैंड ग्रेनेडए डाई मार्करए रबर बुलेट गनए एंटी राइट गन व टीयर गैस गन आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमोंस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। दंगा नियंत्रण से संबंधित तकनीकी व वैधानिक जानकारी दी गई तथा दंगा नियंत्रण के आधुनिक तरीकोंए आवश्यक उपकरणों ;जैसे बॉडी प्रोटेक्टरए हेलमेटए दंगा ढालए गैस मास्क आदिद्ध के उपयोग व इनके संयमित प्रयोग की विधियों के बारे में तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थितिए दंगाए बलवा आदि से निपटने व नियंत्रण हेतु बलवा ड्रिल का अभ्यास दिखाकर विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में किसी अवैधानिक भीड़ को नियंत्रित करने तथा असामाजिक तत्वों से निपटने में अनुपालन की जाने वाली व्यवहारिक ;तरीकोंए फॉर्मेशनए सुरक्षा घेरा बनानेए चेतावनी आदिद्ध व विधिक प्रक्रियाओं के विषय में जानकारी देते हुये नियमानुसार आवश्यक बल ;मानवाधिकारों को दृष्टिगत रखते हुयेद्ध प्रयोग करने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। तदोपरान्त एसपी ने सभी राजपत्रित अधिकारीए समस्त थाना प्रभारीए पुलिस बलध्रिक्रूट आरक्षियों के साथ आगामी त्यौहारों व जनपद में शांति एवं कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन्स से सदनशाह चौराहाए अजीतपुराए महावीरपुराए इमाम चौकए आजाद चौकए सावरकर चौकए घंटाघर से तुवन चौराहा होते हुये रिजर्व पुलिस लाइन्स समेत शहर के प्रमुख मार्गोंए बाजार क्षेत्रों एवं संवेदनशील इलाकों में फ्लैग.मार्च किया। एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित क्वार्टर गार्दए स्टोरए आर्मरी आदि का निरीक्षण करए शस्त्रों की साफ.सफाईए उचित व्यवस्थापनए सम्बंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने व उनका उचित रख.रखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में स्थित परेडध्पीटी ग्राउण्डए क्वार्टर.गार्दए जीण्डीण कार्यालयए कंट्रोल रुमए डायल.112 कार्यालयए एमण्टीण कार्यालय आदि का भौतिक रुप से भ्रमण करवाकर उक्त कार्यालयों में होने वाले कार्य.सरकार के विषय में जानकारी करवाने हेतु सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर ;जेण्टीण्सीण्द्धए रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकरए सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमारए क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाजए क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंहए क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## सामाजिक सरोकार की एक मिसाल

ललितपुर। भारतीय स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंकए न केवल वित्तीय सेवाओं के लिए जाना जाता हैए बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैंक ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवलक्ष्य में ललितपुर स्तिथ स्टेट बैंक मुख्य शाखा एवं श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन कियाए जिसमें रक्तदाताओं द्वारा 75 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैंए बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी कार्य करते हैं। स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी ने आयोजित शिविर में रक्तदान का महत्व और एसबीआई की भूमिका में रक्तदान को महादान माना जाता हैए क्योंकि यह कई लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। भारतीय स्टेट बैंक ने इन शिविरों के माध्यम से न केवल रक्त संग्रहण को बढ़ावा दियाए बल्कि लोगों को इसके स्वास्थ्य लाभों और सामाजिक महत्व के बारे में जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों को मदद मिलती हैए बल्कि यह दाताओं के लिए भी स्वास्थ्यवर्धक होता है। उदाहरण के लिएए नियमित रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार और आयरन की अतिरिक्त मात्रा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। एसबीआई ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत इस शिविर को आयोजित कियाए जिसमें जैन युवा संगठन एवं स्वास्थ्य विभाग और अन्य सामाजिक संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआ। इस आयोजन में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया।

## खरीफ उत्पादकता गोष्ठी और मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मेले का आयोजन




जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2025 एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद स्तरीय मेले का आयोजन कॉकरान वाटिका, नजीबाबाद रोड, बिजनौर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन एवं जिला पंचायत सदस्य संजीव मलिक द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में डा0 घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक, जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि अधिकारी, आर0एस पिप्पल जिला परियोजना समन्वयक डास्प, आर0एन0 वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी, डा0 एलके अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डा0 के0के0 सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डा0 प्रतिमा गुप्ता कृषि वैज्ञानिक, डा0 पिन्टू कुमार कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 नगीना, एवं लगभग 600 कृषकों से अधिक द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी का संचालन योगेन्द्रपाल सिंह सेवानिवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किया गया।.सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी द्वारा किसान मेला/गोष्ठी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर, शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषि से सम्बद्व विभागों तथा निजी उर्वरक/कीटनाशक विक्रेताओ द्वारा लगायी गयी स्टालों का निरीक्षण किया गया, निरिक्षण के समय कृषि विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर देय अनुदान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। गोष्ठी में उपस्थित किसान भाईयों से अनुरोध किया कि किसान भाई अपनी मिटटी की जांच कराने के उपरान्त ही कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों/कृषि वैज्ञानिकों के परामर्श के अनुसार ही कीटनाशी दवाईयों एवं उर्वरकों का प्रयोग करे। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गोष्ठी में उपस्थित किसान भाईयों से टेञ्च विधि से गन्ना बोने एवं गन्ने के साथ सहफसली खेती के रूप में दलहन एवं तिलहन की खेती करने का अनुरोध किया गया, जिससे किसान कम लागत में अधिक आय प्राप्त कर सकते है। साथ ही कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बद्व अन्य विभागों को निर्देश दिये गये कि किसान गोष्ठियों में जनपद के जो कृषक खेती, बागवानी, आदि में अच्छा कार्य कर रहे है, उनकों आमन्त्रित करते हुए उनके अनुभवों से गोष्ठी में आये अन्य कृषकों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करे, ताकि जनपद के अन्य कृषक भी उन्ही के अनुसार खेती कर, अपनी आय को बढ़ा सके। अन्त में जिला कृषि अधिकारी द्वारा गोष्ठी में आये हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों एंव कृषकों का धन्यवाद देते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसान मेला का समापन किया गया।

## राज्य स्तरीय के पुरस्कार के लिए दिव्यांग खिलाड़ी 15 जुलाई तक करें आवेदनः सीडीओ

बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया है कि दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एंव संस्थाओं को विभाग द्वारा 03 दिसम्बर, 2025 को ह्लविश्व दिव्यांग दिवसह्ल के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाते है। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांजनो हेतु निम्न 12 श्रेणियों के राज्य स्तरीय पुरस्कार दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों एंव स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए दिव्यांजन के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को दिव्यांगजन से निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति एवं सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए, प्रेरणास्त्रोत कराने के लिए दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए दिव्यांजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, दिव्यागंजन को पुनरवाद सेवाएँ प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं बालक एंव बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों के लिए, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी एंव कर्मचारी के लिए पुरस्कारों की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट अथवा हेल्पलाइन न0 से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्तियों के उपरोक्तानुसार श्रेणी में राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन समस्त प्रपत्रों के साथ दिनांक 15 जुलाई, 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, बिजनौर के कार्यालय में जमा किये जायेंगे।

## दहेज उत्पीड़पनऔर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

ललितपुर। थाना कोतवाली में एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड ?ए मारपीट और पेट्रोल डालकर हत्या का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता चौकी बिरधा अंतर्गत रहने वाली रुचि तिवारी ;बोहरेद्धए पत्नी सत्यम बोहरे ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी शादी 22 नवंबर 2024 को हिंदू रीति.रिवाज से सत्यम बोहरेए निवासी कस्बा सुरखीए थाना सुरखीए जिला सागर ;मध्य प्रदेशद्ध के साथ रिसोर्ट मैरिज गार्डनए ललितपुर में संपन्न हुई थी। रुचि ने बताया कि उनके माता.पिता ने शादी में 15 लाख रुपये नकदए जेवरातए बर्तनए कपड़ेए घरेलू सामान और एक टाटा टियागो कार सहित कुल 32 लाख रुपये खर्च किए। इसके बावजूदए उनके पति सत्यम बोहरेए सास रजनी बोहरे और ननद समीक्षा बोहरे दहेज से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने अतिरिक्त 16 लाख रुपये की कार और 10 लाख रुपये नकद की मांग की। मांग पूरी न होने पर प्रार्थिनी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गयाए जिसमें मारपीट और यातनाएं शामिल थीं। रुचि ने पत्नीव्रत का पालन करते हुए सब सहन कियाए लेकिन आरोपियों ने पेट्रोल डालकर उनकी हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने थाना कोतवाली ललितपुर में 26 जून 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराईए जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 85ए 115;2द्ध और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3ए 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रार्थिनी के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।

# निर्यात क्षेत्र में चुनौतियां

अगले दो दशक में विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए जरूरी है कि न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर अर्थिक प्रगति को तेजी से आगे बढ़ाया जाये बल्कि वैश्विक व्यापार में भी भारत की भागीदारी बढ़े। फिलहाल भारत का वस्तु और सेवा निर्यात आठ सौ अरब डॉलर को पार कर गया है। यह सामान्य गति से बढ़ भी रहा था लेकिन अमरीका में ट्रंप की वापसी के बाद जिस तरह टैरिफ वार का आगाज किया उससे विश्व व्यापार व्यवस्था में व्यापक उथल पुथल है। ट्रंप ने अमरीका के अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर अत्यधिक टैरिफ लगा दिया। इसमें भारत भी शामिल है। ट्रंप ने दुनिया के बाकी देशों के विरुद्ध छेड़ी गई कारोबारी जंग में 90 दिन का जो स्थगन लागू किया था, उसकी अवधि आगामी 8 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। माना जा रहा है कि उन्होंने जो जवाबी शुल्क लागू किए थे वे उस दिन से दोबारा प्रभावी हो जाएंगे। अमेरिकी प्रशासन ने वादा किया था कि उसके पहले कुछ व्यापार समझौते पूरे कर लिए जाएंगे और कई अवसरों पर कहा गया कि 90 अलग-अलग वार्ताएं चल रही हैं। परंतु अब तक चीन और यूके के साथ ही समझौता हो सका है। भारत समेत अन्य देशों के साथ उसकी बातचीत सही ढंग से चलने के कोई संकेत नहीं हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ बहुत बड़ा समझौता होने वाला




है और भारत मित्र देश है लेकिन दुनिया जानती है ट्रंप जिसकी तारीफ करते हैं, जिसे मित्र देश कहते हैं बाद में उसी के पीछे पड़ जाते हैं। कुल मिलाकर अब तक दुनिया को ट्रंप जितना समझ में आये हैं उसके मुताबिक न तो ट्रंप की दोस्ती भली और न ही दुश्मनी। दुश्मन को तो फिर भी ट्रंप छोड़ सकते हैं, लेकिन दोस्त कंट्री को परेशान करने से बाज नहीं आते। वैसे अगर व्यापार समझौता हो भी जाता है तो भी ट्रंप द्वारा लागू किया गया 10 फीसदी का बुनियादी शुल्क बरकरार रहेगा। यह शुल्क यूनाइटेड किंगडम के साथ हुए समझौते का भी हिस्सा है। इस शुल्क ने अमेरिकी प्रशासन को मजबूती प्रदान की है क्योंकि इसकी बदौलत अरबों डॉलर का राजस्व आया है जो ट्रंप की कर कटौती योजनाओं की भरपाई में मदद कर रहा है। मुद्रास्फीति पर भी इसका बहुत अधिक असर नहीं हुआ है। ट्रंप ने वैश्विक व्यापार को जो नुकसान पहुंचाया फिलहाल पश्चिम एशिया में व्याप्त अव्यवस्था के चलते वह चिंता का मुख्य विषय नहीं है लेकिन हमेशा ऐसा नहीं रहेगा। बहुत जल्द भारत और शेष विश्व को अधिक विभाजित व्यापार व्यवस्था का सामना करना पड़ेगा। इन हालात में भारत के लिए आगे की राह एकदम स्पष्ट है। भारत को अमेरिका के साथ ऐसे समझौते का प्रयास जारी रखना होगा जो उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त में इजाफा करे। इसके साथ ही उसे व्यापार के अनुकूल दूसरे देशों के साथ ही अन्य व्यापार समझौतों पर भी हस्ताक्षर करना होगा। सरकार पहले ऐसे समझौतों को लेकर शंकालु नजर आती थी लेकिन हाल के दिनों में उसने विभिन्न समझौतों को लेकर सकारात्मक इच्छा जताई है। बीते वर्षों में ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात तथा यूनाइटेड किंगडम आदि देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों तथा व्यापक आर्थिक साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए गए। परंतु साफ कहा जाये तो ये समझौते इतने बड़े नहीं हैं कि अमेरिका द्वारा फैलाई जा रही अव्यवस्था की भरपाई कर पायें। ऐसे में सबसे पहले यह जरूरी है कि यूरोपीय संघ के साथ चल रही मौजूदा वार्ता को प्रधानमंत्री द्वारा तय समय सीमा में यानी वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाये। किसी भी अन्य समझौते से अधिक इस समझौते में साझा समृद्धि की गुंजाइश हैद्ध परंतु मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल होने के लिए भारत को अपने पूर्व के विनिर्माण केंद्रों पर भी विचार करना होगा। भारत को नियामकीय व्यवस्था में सुधार के साथ प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र भी बनना होगा और साथ ही अमरीका से आगे बढ़कर नये व्यापारिक भागीदारों की तलाश भी करनी होगी। इसमें पूर्वी एशिया, मध्य पूर्व, खाड़ी के साथ अफ्रीका और पूर्वी यूरोपीय देशों पर भी फोकस बढ़कर वैश्विक व्यापार के फलक को विस्तार देना होगा।

---

विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश


अरविन्द जयतिलक

चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद पर हमला बोला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के संयुक्त बयान के ड्राफ्ट पर हस्ताक्षर करने से इंकार करके कड़ा संदेश दिया कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं। उन्होंने संयुक्त बयान के ड्राफ्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मसौदा भारत की आतंकवाद-विरोधी नीति और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण को कमजोर करता है। उन्होंने सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही जमकर लताड़ लगाते हुए कहा कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देंगे उन्हें उसका खामियाजा भुगतना होगा। उन्होंने भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के जवाब में ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जोह दी मिली है।

मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिली भगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मेजबान देश चीन और आतंकी देश पाकिस्तान दोनों को दो टूक सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। वैसे यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम

> चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है।



लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उल्लंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है। फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला। इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया। भारत की सदस्यता से पहले संगठन के सदस्य राष्ट्रों का कुल क्षेत्रफल 30 मिलियन 189 हजार वर्ग किमी और जनसंख्या तकरीबन 1.5 बिलियन था। लेकिन अब भारत के जुड़ जाने से संगठन का क्षेत्रफल व जनसंख्या व्यापक हो गया है।

## एससीओ सम्मेलन

आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन बन चुका है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है। ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले।

संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो जून 2001 में चीन, रुस और चार मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेताओं ने शंघाई संगठन सहयोग शुरू किया और धार्मिक चरमपंथ से निपटने के अलावा व्यापार व निवेश को बढ़ाने के लिए समझौता किया। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है। राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

---

सोशल मीडिया

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर देशवासियों को शुभ कामनाएं। श्रद्धा व भक्ति का पावन उत्सव सभी के जीवन में सुख, समृद्धि लेकर आये, यही मेरी कामना है। पीएम मोदी.



# आध्यात्मिक ज्ञान

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।


आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है।

अंतर्दृष्टि

यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# महिलाओं की ऑनलाइन ट्रोलिंग बंद करें

**ऑनलाइन महिलाओं की ट्रोलिंग का सामान्यीकरण किया जाना और मुखर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, दो ऐसे तत्व हैं, जो आधुनिक पितृसत्तात्मकता की देन हैं। सामाजिक नियंत्रण के स्वयंभू ठेकेदार ही वास्तव में समाज का नास कर रहे हैं। सोशल मीडिया दिवस का जश्न तब ही अच्छा लगेगा जब हम प्रण लें कि न महिलाओं की ऑनलाइन ट्रोलिंग नहीं करेंगे और उनके विरुद्ध हिंसा का विरोध करेंगे। खामोश नहीं बैठेंगे।**



सोशल मीडिया दिवस (30 जून) पर विशेष

बहुत कम समय में ही सोशल मीडिया ने लोगों के परिवार, दोस्तों और दुनिया के साथ बातचीत, संवाद और साझा करने के तरीकों को नये सिरे से परिभाषित किया है। हमारे जीवन में सोशल मीडिया के महत्व का अंदाजा दो मुख्य बातों से लगाया जा सकता है। एक, संकोची स्वभाव के जो लोग महफिलों में कुछ कह नहीं पाते थे, वह भी सोशल मीडिया पर खुलकर अपने विचार रखते हैं बल्कि अपनी भड़ास भी निकाल लेते हैं, क्योंकि यह माध्यम 'पर्दे के पीछे' से भी अपने विचार (अच्छे या बुरे) व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। दूसरा यह कि सोशल मीडिया के जरिये राजनीतिक दलों से लेकर आम आदमी तक लोगों को इन्फ्लुएंस (प्रभावित) करने का प्रयास करते हैं। इस वजह से इन्फ्लुएंसर्स की एक नई जमात खड़ी हो गई है, विशेषकर इसलिए कि सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को अच्छा पैसा कमाने का मौका भी देता है। इन महत्व के चलते मां दिवस, पिता दिवस आदि की तरह हर साल 30 जून को सोशल मीडिया दिवस भी मनाया जाने लगा है, जिसकी शुरूआत 2010 में मेंशेबल ने की थी।




सोशल मीडिया का मुख्यधारा बनने का सिलसिला 2002 में फ्रेंडस्टर व 2003 में माईस्पेस के लांच होने से शुरू हुआ और इसके बाद 2004 में सोशल मीडिया के बादशाह फेसबुक की स्थापना हुई। ट्विटर (जो अब एक्स हो गया है) ने हमें संक्षिप्त होने के लिए प्रोत्साहित किया कि 140 से कम अक्षरों में ही अपने विचार व्यक्त करने हैं। इंस्टाग्राम व फ्लिकर ने ऐसी इमेजरी के जरिये खुद को व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया, जिसे हम संभाल सकते हैं। अगर वीडियो की बात करें तो टिक टोक और यू-ट्यूब मौजूद हैं। अभिव्यक्ति के लिए जब इतने मंच हों तो सोशल मीडिया दिवस मनाना आसान हो जाता है कि अपने पसंदीदा प्लेटफार्म पर कुछ पोस्ट किया जाये, मीम शेयर किये जायें या किसी ऐसे व्यक्ति से जुडें जिससे लम्बे समय से बात नहीं हुई है। अब तो अलग अलग शहरों में सोशल मीडिया बैठकें भी 30 जून को आयोजित की जाती हैं, उनमें भी हिस्सा लेकर इस दिवस का जश्न मनाया जा सकता है।

सोशल मीडिया के कुछ शिष्टाचार भी हैं, जो इस दिवस पर विशेषरूप से याद दिलाये जाते हैं-

1. ऑनलाइन बातचीत करते समय अपने वास्तविक रूप में रहें।

2. संबंध बनाने के लिए कंटेंट को लाइक करें, कमेंट करें और साझा करें।

3. ऑनलाइन बातचीत करते समय विनम्र और पेशेवर लहजे का प्रयोग करें।

4. ऑनलाइन कंटेंट साझा करते समय मूल स्त्रोत को श्रेय दें।

5. अपनी या कंटेंट स्त्रोत की पहुंच बढ़ाने के लिए हैशटैग का इस्तेमाल करें।

6. अपने दर्शकों की संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण व विश्वसनीय कंटेंट तैयार करें।

7. नकारात्मकता, ऑनलाइन बहस या साइबर धमकी से बचें।

बहरहाल, कोई चीज कितनी ही अच्छी क्यों न हो, उसका एक बुरा पहलू भी होता है। सोशल मीडिया भी इसका अपवाद नहीं है। अपने फॉलोवर्स बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक कंटेंट क्रिएटर्स फेक न्यूज, क्लिक बेट (चुग्गा डालना यानी वीडियो पर ऐसा थंब नेल लगाना जिसका कंटेंट में जिक्र ही न हो) आदि का प्रयोग करते है।

गलत धार्मिक या जातिगत आधारित कंटेंट से लोगों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाया जाता है। सोशल मीडिया पर झूठ बहुत बड़ा कारोबार है। इसे रोकने के लिए नियम व कानून अवश्य हैं, लेकिन इनका उल्लंघन भी काफी है। साथ ही सरकारें व सामाजिक-राजनीतिक संगठन भी कंटेंट को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं। अनेक कंटेंट क्रिएटर्स को जेल की हवा खानी पड़ी है और कुछ की तो हत्याएं भी हुई हैं। कुछ दिन पहले ही भटिंडा, पंजाब में एक युवा महिला की हत्या इसलिए कर दी गई; क्योंकि कुछ लोगों को सोशल मीडिया पर उसकी रील्स पसंद नहीं थीं। इससे भी बड़ी त्रासदी यह रही कि अकाल तख्त के एक वरिष्ठ सदस्य सहित समाज के एक वर्ग ने हत्यारों का समर्थन किया। महिलाओं व उनके ऑनलाइन अवतारों को केवल धार्मिक कारणों से ही नियंत्रित करने का प्रयास नहीं किया जाता है। मई में एक युवा मेक्सिकन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, जो सौंदर्य व मेकअप पर वीडियो पोस्ट करती थी, की टिक टोक लाइव स्ट्रीम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। जनवरी में एक पाकिस्तानी पिता, जो अमेरिकी नागरिक है, ने अपने परिवार को अमेरिका से कोएटा मूव किया और अपनी किशोर लड़की की हत्या कर दी, क्योंकि उसे उसकी सोशल मीडिया पोस्ट्स 'आपत्तिजनक' लगती थीं। पांच माह में तीन पाकिस्तानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर महिलाओं की हत्याएं इस्लामाबाद, पेशावर व खुशाब (पाकिस्तान पंजाब) में हुई हैं। मृतकों में एक 17-वर्षीय लड़की भी है। यह सब वास्तव में नारी द्वेष के मामले हैं। महिला होने की वजह से इनकी हत्याएं की गईं, क्योंकि वह समाज नियंत्रण के स्वयंभू ठेकेदारों की बात मानने से इंकार कर रही थीं। उनके ऑनलाइन कंटेंट को 'अनुचित' घोषित किया गया और सजा-ए-मौत दे दी गई। अब 'मेकअप' भी अशिष्ट या अश्लील हो गया है। पुरुषों का कंटेंट पसंद नहीं आता तो अक्सर तोड़फोड़, धमकी, पुलिस केस से काम चलाया जाता है (स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के मामले को याद करें)। लेकिन जब महिला की बात हो तो आलोचना या अदालत की शरण पर्याप्त नहीं होती है। ऑनलाइन 'कमल कौर भाभी' के नाम से विख्यात कंचन कुमारी की हत्या केवल उन्हें सजा देने के लिए नहीं की गई बल्कि उन अन्य अनेक युवा महिलाओं को भी डराने के लिए की गई, जो सोशल मीडिया पर कुछ पैसा कमाने का प्रयास करती हैं।

यह सभी युवा महिलाएं अपने दर्शकों का केवल मनोरंजन कर रही थीं। दुनियाभर में नैतिक पुलिस व चैकसी बढ़ती जा रही है- दक्षिणपंथियों या तथाकथित शरीफ पुरुषों को लगता है कि समाज सड़ता जा रहा है, क्योंकि उनके दृष्टिकोण में महिलाओं को धार्मिक मूल्यों का वाहक बने रहना चाहिए, इसलिए गर्भपात का अधिकार नहीं दिया जाता या जबरन 'संस्कार' थोपा जाता है। अकाल तख्त के सदस्य ने कहा, 'हमें अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिएं...', और इसलिए गायक की हत्या करना उचित हो गया। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को उचित ठहराना उनकी सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इससे पुलिस हरकत में नहीं आती और समाज को खामोश कर दिया जाता है। कुछ ने हत्या का विरोध अवश्य किया है, लेकिन उन्हें उंगलियों पर गिना जा सकता है। ऑनलाइन महिलाओं की ट्रोलिंग का सामान्यकरण किया जाना और मुखर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, दो ऐसे तत्व हैं, जो आधुनिक पितृसत्तात्मकता की देन हैं। सामाजिक नियंत्रण के स्वयंभू ठेकेदार ही वास्तव में समाज का नास कर रहे हैं। हत्या को उचित ठहराना ही महिलाओं के लिए असल खतरा है, चाहे ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। सोशल मीडिया दिवस का जश्न तब ही अच्छा लगेगा जब हम प्रण लें कि न महिलाओं की ऑनलाइन ट्रोलिंग नहीं करेंगे और उनके विरुद्ध हिंसा का विरोध करेंगे। खामोश नहीं बैठेंगे।

नौशाबा परवीन.

## आप की बात

### नक्सलवाद पर प्रहार

हाल के वर्षों में नक्सलवाद पर कठोर प्रहार के कारण अब यह अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। जिस तरह सरकार नक्सलवाद का सफाया कर रही है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत से नक्सलवाद अतीत की बात हो जायेगा। लेकिन कई जगहों पर अभी भी नक्सलवाद बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया।

धीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ.

### ग्रीन ऊर्जा की बढ़ती खपत

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। इसलिए ग्रीन ऊर्जा की तरफ बढ़ना जरूरी है।

मनोज कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

### दिनदहाड़े नर्स की गला रेत कर हत्या

नरसिंहपुर (मप्र)। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर स्थित जिला अस्पताल में शुक्रवार को दिनदहाड़े 23 वर्षीय प्रशिक्षु नर्स की कथित तौर पर गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी हत्याकांड को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी कौन है और किस वजह से उसने हत्याकांड को अंजाम दिया है अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। नरसिंहपुर कोतवाली प्रभारी गौरव चाटे ने संवाददाताओं को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में एक व्यक्ति ने एक प्रशिक्षु नर्स की चाकू से हत्या कर दी है और मौके से फरार हो गया है। उन्होंने कहा कि शव का पंचनामा किया जा रहा है और आरोपी की तलाश में शहर की घेराबंदी की गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है और किस वजह से उसने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है, यह जांच का विषय है। नरसिंहपुर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन जी सी चौरसिया ने कहा कि मृतक का नाम संध्या ठाकुर है और वह जिला अस्पताल में प्रशिक्षण ले रही थी।

### असम-मेघालय के बीच जल्द होगा दूसरा सीमा समझौता

शिलांग। असम और मेघालय के बीच लंबे समय से जारी सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने का जिक्र करते हुए मेघालय सरकार के प्रवक्ता पॉल लिंगदोह ने शुक्रवार को कहा कि दोनों राज्यों के बीच 15 अगस्त से पहले दूसरे समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह कदम 2022 में हस्ताक्षरित पहले समझौते के बाद सामने आया है, जिसके तहत अंतरराज्यीय सीमा संबंधी विवाद के 12 क्षेत्रों में से छह में मुद्दों का समाधान किया गया था। मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) सरकार में कैबिनेट मंत्री लिंगदोह ने पीटीआई-भाषा को बताया, प्रस्तावित समझौते से री-भोई जिले में विवादित ब्लॉक के पांच नए गांवों को मेघालय के अधिकार क्षेत्र में लाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा यह सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन गांवों को शामिल करना असम सरकार के साथ निरंतर संपर्क और बातचीत का परिणाम है।

### यमुना सफाई को दिल्ली सरकार ने दी रफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अगले दो वर्षों के भीतर यमुना नदी का पुनरुद्धार करने के लिए एक व्यापक 45-सूत्रीय कार्य योजना शुरू की है, जिसमें जलमल उपचार और नदी में बहने वाले नालों को रोकने की चुनौतियों से निपटने के लिए कई एजेंसियों की भागीदारी होगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा अनुमोदित इस योजना को मुख्य रूप से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना सफाई एवं पुनरुद्धार के लिए चल रही परियोजनाओं तथा नई योजनाओं एवं परियोजनाओं को 10 कार्य मद के अंतर्गत विशिष्ट समय-सीमाओं के साथ एक साथ रखा गया है।

### आईटी इंजीनियर से उत्पीड़न व ठगी करने वाला गिरफ्तार

नोएडा(उप्र)। नोएडा के सेक्टर 58 थानाक्षेत्र की पुलिस ने वैवाहिक साइट पर दोस्ती कर एक आईटी इंजीनियर से कथित रूप से 64 लाख रुपए की ठगी करने को लेकर आज एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) यमुना प्रसाद का कहना है कि वैवाहिक साइट के जरिए एक युवती से दोस्ती कर उससे 64 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है तथा पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने धोखे से उसके साथ यौन संबंध भी बनाया। प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को एक सूचना के आधार पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले मेहुल सुराना को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीबीए तक की पढ़ाई कर चुके आरोपी ने नौकरी करने की बजाए भोली-भाली युवतियों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी करनी शुरू कर दी।

# एमएसएमई की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि

## ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल से एमएसएमई को भुगतान के मामलों में तेजी से होगी सुनवाई : राष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है।

उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु



परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी। उन्होंने एमएसएमई में पर्यावरण अनुकूल उपायों के लिए नवाचार को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार विभिन्न तरीकों से स्टार्टअप द्वारा नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। राष्ट्रपति ने एमएसएमई से जमीनी स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान करते हुए उन्हें 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अकेले एमएसएमई इकाइयां ही पूरे देश में 34 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान कर रही हैं। वर्तमान में, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद (एमएसईएफसी) के पास 50,000 करोड़ रुपये के मामले लंबित हैं। यह परिषद सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों और उनके खरीदारों के बीच भुगतान संबंधी विवादों को सुलझाने के लिए राज्य सरकारों द्वारा स्थापित निकाय है। ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल को विश्व बैंक की सहायता से ऑनलाइन विवाद समाधान व्यवस्था के तहत एक उप-योजना के रूप में शुरू किया गया है। इस पोर्टल का उपयोग करके भुगतान में देरी के मामलों में सूक्ष्म और लघु उद्यमी मामले दर्ज कर सकते हैं। उन्हें अपने उद्यम का विवरण खुद हासिल करने के लिए उद्यम पंजीकरण संख्या दर्ज करनी होगी।

# रेडिको खेतान ने यूपी में प्रीमियम पोर्टफोलियो का किया विस्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अल्को-बेव कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड ने शुक्रवार यूपी के बाजार में मॉर्फियस रेयर लग्जरी व्हिस्की लॉन्च करते हुए अपने प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस रणनीतिक लॉन्च के जरिए कंपनी प्रीमियम सेगमेंट के 1.8 करोड़ केस के बाजार को लक्षित कर रही है। उत्तर प्रदेश, रेडिको की घरेलू व्हिस्की पोर्टफोलियो के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट तेजी से विकास कर रहा है।



लॉन्च को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए, रेडिको खेतान लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी अमर सिन्हा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मॉर्फियस रेयर लग्जरी व्हिस्की की शुरूआत रेडिको खेतान के लिए एक रणनीतिक और प्रतीकात्मक मील का पत्थर है। इस गतिशील राज्य में नए ब्रांड्स की पेशकश हमारी नवाचार, गुणवत्ता और विरासत के माध्यम से उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें विश्वास है कि मॉर्फियस न केवल आकांक्षी उपभोक्ताओं से हमारे जुड़ाव को और गहरा करेगाए बल्कि भारत के विकसित होते प्रीमियम स्पिरिट बाजार में हमारी नेतृत्व की स्थिति को भी मजबूत करेगा। कार्यकारी उपाध्यक्ष सुधीर उपाध्याय ने कहा कि यूपी हमारे लिए सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक बना हुआ है, जो रेडिको खेतान की घरेलू बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मॉर्फियस व्हिस्की के साथ हम न केवल अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि यूपी के विकसित हो रहे स्पिरिट बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का भी लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

# बांग्लादेश से विशिष्ट जूट उत्पादों के आयात पर भारत ने लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से जमीन मार्ग से कुछ विशिष्ट जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि आयात की अनुमति केवल महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से है।


इन प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में जूट उत्पाद, एकल सन का धागा, जूट का एकल धागा, बहु-मुड़ा हुआ, बुने हुए कपड़े या फ्लेक्स, और जूट के बिना ब्लीच किए बुने हुए कपड़े शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर नेपाल और भूटान जाने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे। अधिसूचना के अनुसार, नेपाल और भूटान के माध्यम से बांग्लादेश से भारत में इन उत्पादों के फिर से निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी। डीजीएफटी ने कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर किसी भी भूमि बंदरगाह से बांग्लादेश से आयात की अनुमति नहीं होगी। इसकी अनुमति केवल न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से ही दी जाती है। महानिदेशालय ने कहा, बांग्लादेश से भारत में विशिष्ट वस्तुओं के आयात को तत्काल प्रभाव से विनियमित किया जाता है।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 84,000 के पार

एजेंसी

मुंबई। विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर एक बार फिर



84,000 के स्तर के ऊपर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 333.48 अंक बढ़कर 84,089.35 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 88.80 अंक यानी 0.35 प्रतिशत बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल।,650.73 अंक यानी दो प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में 525.4 अंक यानी दो प्रतिशत का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती के साथ साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम के बाद तनाव घटने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद से तेजी के इस दौर को समर्थन मिला है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही।

# एसी का तापमान निर्धारित करने का प्रावधान लागू होने की संभावना नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि एयर कंडीशनर (एसी) के तापमान को 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की योजना को जल्द लागू करने की संभावना नहीं है और इसे समय के साथ धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।

भारत जलवायु शिखर सम्मेलन में जब उनसे पूछा गया कि एसी के तापमान की नई सीमा कब लागू की जाएगी, तो यादव ने कहा कि ऐसी कोई भी स्थिति 2050 के बाद ही उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि यह तुरंत होगा, समय के साथ इसके लिए धीरे-धीरे क्षमताएं बनाई जाएंगी। यादव ने कहा कि जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय परिस्थितियों और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) सिद्धांत के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु निकाय को प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) या राष्ट्रीय जलवायु योजना, अपने लोगों तक ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर देती है। सीबीडीआर-आरसी के सिद्धांत का अर्थ है कि सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ना होगा, लेकिन विकसित देशों को और अधिक प्रयास करना चाहिए।

# 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में देश का चालू खाता

एजेंसी

मुंबई। भारत ने जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर का चालू खाता अधिशेष दर्ज किया जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में चालू खाता बढ़ने की मुख्य वजह सेवाओं के निर्यात में वृद्धि और विदेश से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी रही। हालांकि सालाना आधार पर देश का चालू खाता 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6 प्रतिशत) घाटे में रहा। किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि



संबंधित देश को निर्यात से कितनी आय हुई और उसने आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और धनप्रेषण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। आरबीआई ने 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान भारत का भुगतान संतुलन रिपोर्ट में कहा, भारत के चालू खाता में 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) का अधिशेष दर्ज किया गया, जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) था। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) का घाटा था। भुगतान संतुलन देश के बाहरी भुगतान परिदृश्य का एक संकेतक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। हालांकि, वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं। व्यावसायिक सेवाओं और कंप्यूटर सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवा निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि हुई है। व्यक्तिगत अंतरण प्राप्तियां 2024-25 की चौथी तिमाही में बढ़कर 33.9 अरब डॉलर हो गईं, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 31.3 अरब डॉलर थीं।

# ईएसआईसी बढ़ायेगी कर्मचारी राज्य बीमा का दायरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने पूरे देश में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) का दायरा बढ़ाने के लिए शुक्रवार को नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना के नवीनीकरण की घोषणा की।

मूल रूप से 2016 में शुरू की गई स्प्री योजना (नियोक्तााकर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना) ने 88,000 से अधिक नियोक्ताओं और 1.02 करोड़ कर्मचारियों के पंजीकरण की सुविधा मुहैया कराई है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नवीनीकृत योजना एक जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक खुली रहेगी। यह अपंजीकृत नियोक्ताओं और अनुबंधित एवं अस्थायी कर्मचारियों



सहित छूटे हुए श्रमिकों को ईएसआई अधिनियम के तहत नामांकन करने का एकमुश्त अवसर देगी।

इस योजना के तहत निर्धारित अवधि में पंजीकरण करने वाले नियोक्ताओं को पंजीकरण की तारीख से या उनके द्वारा घोषित तारीख से ईएसआई में शामिल माना जाएगा, जबकि नए पंजीकृत कर्मचारियों को उनके पंजीकरण की संबंधित तिथियों से कवर किया जाएगा। स्वैच्छिक अनुपालन पर केंद्रित यह योजना मुकदमेबाजी का बोझ कम करने, औपचारिक पंजीकरण को प्रोत्साहित करने और हितधारकों के बीच बेहतर जुड़ाव एवं सद्भावना को बढ़ावा देने की कोशिश करेगी। यह निर्णय शुक्रवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की हिमाचल प्रदेश के शिमला में आयोजित बैठक में लिया गया। इस बैठक में ईएसआईसी ने माफी योजना-2025 को भी मंजूरी दी जो एक अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 तक एकबारगी विवाद समाधान व्यवस्था है। इसका मकसद मुकदमेबाजी को कम करना और ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को बढ़ावा देना है।

## पेज एक का शेष

### जय जगन्नाथ

बलभद्र का तालध्वज रथ आगे बढ़ा। इसके बाद देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और अंत में भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ रवाना हुआ। जब यात्रा शहर के ग्रैंड रोड से होकर गुजर रही थी और भक्त रथ खींच रहे थे, तब पुजारियों ने उन (रथ) पर सवार देवताओं को घेर लिया। हजारों लोगों ने रथ खींचे, जबकि लाखों अन्य लोग भी उत्सव में हिस्सा लेने के लिए पुरी के इस प्रसिद्ध मंदिर शहर पहुंचे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वार्षिक रथ उत्सव में शामिल होने के लिए शहर में लगभग दस लाख भक्तों के एकत्र होने का अनुमान है। पुरी के राजा गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब द्वारा तीनों रथ पर छेरापहंरा (रथों की सफाई) की रस्म पूरी करने के बाद रथ खींचने की प्रक्रिया शुरू हुई। भक्तों द्वारा खींचे जाने से पहले तीनों रथ पर अलग-अलग रंगों के लकड़ी के घोड़े लगाए गए।

### अहमदाबाद में

उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर एक संकरी गली में घुस जाने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है। भगवान जगन्नाथ की 148वीं रथ यात्रा शुक्रवार सुबह अहमदाबाद में शुरू हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। एक अधिकारी ने बताया कि 400 वर्ष पुराने जगन्नाथ मंदिर से शुरू हुई इस भव्य यात्रा के पुराने शहर से होते हुए रात आठ बजे तक वापस आने की उम्मीद है। यात्रा में आमतौर पर 17 हाथी, 100 ट्रक और 30 अखाड़े शामिल होते हैं। यह यात्रा दिन में 16 किलोमीटर की दूरी तय करती है। हाथियों के स्वास्थ्य की जांच करने और कार्यक्रम से पहले फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने वाले साहू ने बताया कि इन हाथियों में से सिर्फ एक नर है। साहू ने बताया, जब यात्रा खड़िया गेट पर पहुंची, तो तेज संगीत और सीटी की आवाज के कारण नर हाथी अचानक उत्तेजित हो गया। वह भागने लगा और निर्धारित मार्ग से भटक गया।

### पिछली सरकारों

उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। यह मंच सभी जातियों और समुदायों के युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

सीएम युवा मोबाइल ऐप के शुभारंभ के साथ, सरकार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो। मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम योगी ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें सभी जातियों और समुदायों के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। यूपी देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है। मुख्यमंत्री ने पिछले आठ वर्षों में यूपी की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2017 में प्रदेश का निर्यात मात्र 80 हजार करोड़ रुपये था, जो आज 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। प्रति व्यक्ति आय 46 हजार रुपये से बढ़कर 1 लाख 20 हजार रुपये और जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि यह प्रगति बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण संभव हुई है।

### मुख्यमंत्री ने

वरिष्ठ अधिकारी और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति उन्हें लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर जानकारी देते रहे। मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रपति की फ्लीट रूट, राष्ट्रपति के हाथों होने वाले पौधरोपण के स्थल, स्वीस कॉटेज/सेफ हाउस, मुख्य मंच, दर्शक दीर्घा आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सुरक्षाए लोगों की सुविधा और स्वच्छता को लेकर जरुरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कुलपति और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रपति के अवलोकन के लिए आयुष विश्वविद्यालय का एक मॉडल भी बनवाएं। इसमें अकादमिक भवन, ओपीडी, आईपीडी, ओटी, पंचकर्म केंद्र आदि सभी क्षेत्र और विशेषताएं प्रदर्शित की जाएं। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में राष्ट्रपति के आगमन से जुड़ी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में तनिक भी चूक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल समेत समूचे परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी गंदगी रह गई तो जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाधन और पार्किंग की व्यवस्था को भी बेहतरीन करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेने के साथ उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के हाथों हर्बल प्लांट रोपित कराया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पूरे प्रदेश का आयुष विश्वविद्यालय है इसलिए इसके नाम के साथ उत्तर प्रदेश जरूर लिखा जाए। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल सिंह, एडीजी डॉ. केएस प्रताप, कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी एस. चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी राजकरन नैयर, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी सहित प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण आदि विभागों के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### चार परियोजना

अभियन्ताओं से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किये गये कार्यों के विवरण की जानकारी की गयी, लेकिन चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ता कार्यों का विवरण नहीं दे सके। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के बारे में भी नहीं बताया सके। हाल में हुई बैठक में कार्य में सुस्ती और लापरवाही पर चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियंताओं की कार्यशैली पर सवाल उठे सवाल पर, इसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। इसके बाद एक्शन लिया गया। उन्होंने उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अगर कार्रवाई के बावजूद वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करते हैं, तो भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जाए। सीओ जीएस नवीन ने बताया कि सीएम के निर्देश पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रथम और द्वितीय की समीक्षा के दौरान प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा परियोजना प्रबंधक संजय कुमाार, चित्रकूट कर्वी (।।) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह को कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि थमायी गयी है। इसके साथ ही प्रयागराज के अवर अभियन्ता विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के अवर अभियंता दिनकर और आशीष कुमार यादव को भी कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि थमायी गयी है।

### मलिहाबाद में

असलहों के बनाने व तस्करी की सूचना मिली थी। इस पुलिस ने इलाके के पूर्व सिनेमाघर के पास से एक व्यक्ति को पक ? लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से आठ जिंदा कारतूस बरामद किये। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उसकी पहचान पूर्व सिनेमाघर तिराहा, मिजार्पुर थाना व कस्बा मलिहाबाद निवासी सलाऊद्दीन उर्फ लाला के रूप में हुई। उससे कडाई से पूछताछ के बाद मलिहाबाद और रहीमाबाद की थाना पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार की रात के उसके ठिकाने पर छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने उसके घर से 158 कारतूस बरामद हुआ हैं, जिनमें 315 बोर के 18 कारतूस, 68 कारतूस 22 बोर, 40 कारतूस 22 बोर, 12 बोर के 30 कारतूस, 32 बोर के दो कारतूस के अलावा सात एयरगन, तीन पिस्टल समेत अन्य तमंचा, छह बांका, दो छूरी, नौ फरसा व गडांसा और हिरन की खाल आदि बरामद हुई। छानबीन के दौरान पुलिस को आरोपित के बारे में पता चला है कि वह दवा की दुकान चलाता है। उसकी दो बेटियां है। बडी बेटी नार्वे में तो दूसरी बेटी परिवार के साथ रहकर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में पढाई कर रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित ने यह स्वीकारा है कि अवैध असलहा अपने घर पर बनाता है। आरोपित के घर लोगों का था आना-जानापुलिस के अनुसार उसके आसपड़ोस के लोगों ने अपना नाम न बताने के शर्त पर बताया कि आरोपित सलाऊद्दीन के घर पर लोगों का आना-जाना था। जो लोग आते थे वो बडे ही खूंखार दिखते थे। कुछ लोग तो उसके घर में किराये का कमरा लेकर रुकते भी थे। रात-रात भर मशीनें चलती थी। आस पडोस वाले उसके घर का माहौल देखकर उससे बोलने से भी डरते थे। डीसीपी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ अवैध असलहों को बनाने व तस्करी के अलावा प्रतिबंधित पशुओं की खाल रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजकर उसके करीबियों और ?परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वो किन लोगों को हथियार सप्लाई करता था। इसके पीछे और कौन लोग शामिल हैं। मोहर्रम से ठीक पहले इतनी बडी संख्या में हथियार और कारतूस मिलने के बाद एटीएस और अन्य जांच एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं।

### बंगाल : छात्रा

है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की घटना की भयावह यादें ताजा कर दीं। कॉलेज के सूत्रों ने बताया कि हालिया घटना का मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और विडंबना यह है कि वह अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में आपराधिक मामलों का वकील है। पुलिस ने पुष्टि की है कि दो अन्य आरोपी संस्थान के मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं।

### उपराष्ट्रपति का

गुणवत्ता, उसकी सार्वभौमिक पहुंच और वहनशीलता को लोकतंत्र की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा, शिक्षा ईश्वर का वरदान है। यदि आप इस देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं, तो आप सौभाग्यशाली हैं। यह शिक्षा ही है जो असमानता और अन्याय के विरुद्ध सबसे सशक्त हथियार है। उपराष्ट्रपति ने संस्थान के गौरवशाली पूर्व छात्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि मेजर सोमनाथ शर्मा, भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता, और फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ जैसे दिग्गजों ने यहीं से शिक्षा पाई।




# भारत-इंग्लैंड की टी20 शृंखला आज से

## पहला टी20 मैच: विश्व कप को ध्यान में रखकर इंग्लैंड का सामना करेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी



नॉटिंघम। भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी। आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है।


भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके अलावा इंग्लैंड इस्सी वोंग, एलिस कैप्सी और सोफिया डंकले जैसी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को भी मैदान में उतारेगा। ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, मंधाना, शैफाली, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

**कमिंस को ड्रेसिंग रूम जाने का इशारा करने वाले कैरेबियाई तेज गेंदबाज सील्स पर जुर्माना**

ब्रिजटाउन। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन पैट कमिंस के आउट होने पर उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सील्स ने आईसीसी आचार संहिता का लेवल एक का अपराध किया है और उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया चूंकि यह 24 महीने के भीतर उनका दूसरा अपराध था।

आईसीसी आचार संहिता के तहत सील्स ने धारा 2.5 का उल्लंघन किया है जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने या ऐसे इशारे करने से संबंधित है जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है। आईसीसी ने कहा कि 23 वर्ष के सील्स ने अपराध स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह घटना पहले दिन बुधवार की है जब आस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के 28 रन पर आउट होने के बाद सील्स ने उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था। सील्स के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट कर दिया था।

# ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के विकेट पतन को रोका



ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। ट्रेविस हेड ने तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर फिर से एक छोर संभाले रखा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल में चल रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन 82 रन की बढ़त हासिल कर ली। वेस्टइंडीज ने गुरुवार को अपनी पहली पारी में 190 रन बनाकर 10 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का दूसरी पारी में स्कोर एक समय चार विकेट पर 65 रन था लेकिन आखिर में वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 92 रन तक पहुंचने में सफल रहा।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए थे जिसमें हेड ने सर्वाधिक 59 रन का योगदान दिया था। वह अभी तक इस टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने दूसरी पारी में भी ऐसे समय में मोर्चा संभाला जब टीम संकट में दिख रही थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय हेड 37 गेंदों पर 13 रन, जबकि ब्यू वेबस्टर ने 24 गेंदों पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। पहले दिन 14 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन 10 विकेट गिरे। पिच से अब भी तेज गेंदबाजों को लिए सीम और मूवमेंट मिल रहा है। वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन सुबह अपनी पहली पारी चार विकेट पर 57 रन से आगे बढ़ाई लेकिन अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे 23 वर्षीय ब्रैंडन किंग (26) के आउट होने से जल्द ही स्कोर पांच विकेट पर 72 रन हो गया। इसके बाद वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के कप्तान शाई होप (48) और टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज (44) ने मोर्चा संभाला और अपनी टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की।

**गुरिंदर चड्ढा ने भारत . इंग्लैंड महिला क्रिकेट श्रृंखला का ट्रेलर बनाया**

लंदन। दो दशक पहले एक लड़की का पेशेवर फुटबॉलर बनने का सपना सच होने पर बनी बेंड इट लाइक बैकहम फिल्म बनाने वाली ब्रिटिश भारतीय फिल्मकार गुरिंदर चड्ढा ने अब क्रिकेट में पदार्पण किया है। गुरिंदर ने भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली आगामी क्रिकेट श्रृंखला के प्रचार के लिये ट्रेलर तैयार किया है। इस श्रृंखला में पांच टी20 और तीन वनडे खेले जाने हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा कि तीन मिनट की फिल्म में दोनों टीमों और उनके प्रशंसकों के बीच मैदानी प्रतिद्वंद्विता और सांस्कृतिक एकता की झलक है।

ईसीबी के साथ काम करने के बारे में चड्ढा ने कहा, मुझे खुशी है कि इंग्लैंड की महिलाओं से जुड़े इस प्रोजेक्ट पर काम करने को मिला। मैं महिला खिलाड़ियों की बड़ी प्रशंसक हूं और मेरे पिता क्रिकेट के जबर्दस्त शौकीन रहे हैं।

## संक्षेप

### गुजरात में होंगे 2029 विश्व पुलिस और फायर खेल

अहमदाबाद। विश्व पुलिस और फायर खेल 2029 भारत में गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर (केवडिया) में होंगे जिसमें 10000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। ये खिलाड़ी 70 देशों के पुलिस, अग्निशमन, कस्टम और सुधार सेवा विभागों के होंगे। इन खेलों की 1985 में शुरूआत के बाद भारत इनकी मेजबानी करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश होगा। बर्मिंघम में पिछले रविवार को डब्ल्यूपीएफजी की संचालन ईकाई कैलिफोर्निया पुलिस एथलेटिक महासंघ के सामने भारत ने अंतिम बार अपनी दावेदारी पर अपना पक्ष रखा जिसके बाद यह घोषणा की गई। प्रदेश सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत अब कनाडा, आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, चीन और अमेरिका जैसे देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने इन खेलों की मेजबानी की है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा भी व्यक्त कर चुका है और अहमदाबाद ही मुख्य मेजबान होगा।

### क्लब विश्व कप के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहा मैनचेस्टर सिटी

ऑरलैंडो। मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट में पहुंचा दिया। इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ में एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के लिए पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेइनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया। डुसन व्लाहोविक ने 84वें मिनट में इटली के क्लब के लिए दूसरा गोल किया, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा।

### मुक्केबाजी में सेना ने लड़कों व लड़कियों का खिताब जीता

रोहतक। सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दोनों वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बनकर अपना दबदबा कायम किया। सेना ने लड़कों के वर्ग में फिर से टीम खिताब जीता जबकि लड़कियों के वर्ग में उसने हरियाणा को हराकर खिताब हासिल किया। हरियाणा दोनों वर्ग में दूसरे स्थान पर रहा। एसएससीबी ने रोहतक स्थित राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी में एक सप्ताह तक चली इस प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों दोनों वर्ग में नौ पदक जीते।

# चैंपियन बनने को आठ टीमों के बीच होगी रोमांचक जंग



लखनऊ। 1090 चौराहे के निकट स्थित सेज क्रिकेट मैदान में प्रथम सेज नाइट क्रिकेट टूनामेंट की शुरूआत शुक्रवार से हुई। इस टूनामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने को प्रदेश भर में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। सेज मैदान में क्रिकेट मुकाबलों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। इस दस दिवसीय टूनामेंट में स्ट्रांग ब्रेकर्स, एचटीपीएल स्काई ईगल्स, एमेजिंग चैलेंजर्स, गैक्सिया इलेवन, लखनऊ थंडर्स, एफर्ट इलेवन, ओल्ड स्कूल एसएस, सेज क्लब की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। सभी मैच 20-20 ओवर में होंगे जो रोज रात में सात बजे शुरू होंगे। सेज स्टेडियम संचालक और टूनामेंट के आयोजन सचिव ब्रजेश ने बताया कि स्टेडियम में सात पिच अभ्यास के लिए उपलब्ध हैं। स्टेडियम में पिच क्यूरेटर की तैनाती की गई जो मैच के लिए बेहतर विकेट तैयार करते हैं। साथ ही मानकों के अनुरूप प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है।

**सेज मैदान पर नाइट क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया**

# अविनाश साबले की निगाह विश्व चैम्पियनशिप पर

बेंगलुरू। पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं।

एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में उद्यी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा, पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है।

उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है। अभी अभ्यास के 15 दिन बचे हुए हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं आठ मिनट के करीब पहुंचने में सफल रहूंगा। यह 30 वर्षीय खिलाड़ी 2023 में एशियाई खेलों के बाद से पिंडली की चोट से जूझ रहा था। उन्होंने 2025 के अपने सत्र की शुरुआत ज़ियामेन डायमंड लीग में आठ मिनट 22.59 सेकंड (8:22.59) सेकंड के समय के साथ की और इसके बाद शाओक्सिंग में 8:23.85 सेकंड का समय निकाला।

# एआईटीए ने सुंदर अय्यर को अंतरिम महासचिव नियुक्त किया

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी। धूपर 72 वर्ष के हैं और उन्हें 2020 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। उन्होंने पिछले साल के चुनावों में किसी भी पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था, लेकिन अदालत द्वारा चुनाव के नतीजे घोषित नहीं किए जाने के कारण वह अपने पद पर बने हुए थे।

# भारत को भारी पड़ सकती है बुमराह की अनुपस्थिति

एजेंसी



बेंगलुरू। जसप्रीत बुमराह अगर इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो भारत की परेशानियां बढ़ना तय है और ऐसे में अन्य तेज गेंदबाजों का अपनी लाइन और लेंथ पर नियंत्रण बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। बुमराह की अनुपस्थिति भारत को कितनी भारी पड़ सकती है इसका एक नजारा लीड्स में पहले टेस्ट मैच के 65वें और 82वें ओवर के बीच देखने को मिला जब इस तेज गेंदबाज ने गेंदबाजी नहीं की थी। इंग्लैंड ने यह मैच पांच विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की।

जब बुमराह ने 19-3-57-0 के कुल गेंदबाजी विश्लेषण के साथ उस स्पेल का अंत किया, तब 371 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 286 रन था और उन्हें एक और ओवर के लिए नहीं बुलाया गया। शायद, कप्तान शुभमन गिल उन्हें दूसरी नई गेंद के लिए बचाकर रखना चाहते थे, जो 15 ओवर बाद ली जानी थी और यह भारत के अपने प्रमुख तेज गेंदबाज के कार्यभार प्रबंधन योजना के अनुरूप भी था। इंग्लैंड अभी भी जीत से 85 रन दूर था और अगर इन ओवर में कुछ विकेट गिर जाते तो 80वें ओवर में बुमराह की वापसी के लिए पूरी तरह से मंच तैयार हो जाता। लेकिन जब तक 80 ओवर हुए तब तक इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 349 रन बना लिए थे। उसने इन 15 ओवर में 63 रन बनाए थे, जो कि प्रति ओवर चार रन से अधिक की दर थी। ऐसे में बुमराह के लिए भी स्थिति को संभालना संभव नहीं था। अब भारत को एजबेस्टन में 31 वर्षीय बुमराह की अनुपस्थिति की वास्तविकता के साथ समझौता करना होगा। भारत के अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। ऐसी स्थिति में अगर बुमराह दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं तो इन गेंदबाजों विशेष कर सिराज और प्रसिद्ध को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्हें विशेष कर अपनी लाइन और लेंथ पर ध्यान देना होगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डोडा गणेश का मानना है कि प्रसिद्ध बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, बशर्ते वह अपने दृष्टिकोण में कुछ मामूली बदलाव करें। गणेश ने कहा, प्रसिद्ध हमेशा से विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, लेकिन उन्हें कुछ निरंतरता के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत है। उन्हें उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जहां वे गेंदबाजी करते हैं। इससे उन्हें अधिक मेडन ओवर फेंकने में मदद मिलेगी, खासकर तब जब गेंद पुरानी हो जाएगी। उन्होंने कहा इंग्लैंड में गेंद परिस्थितियों के कारण थोड़ी स्विंग करती है। उन्हें बस बुमराह की तरह लगातार लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी। उन्हें बस ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

**आईसीसी के नए नियमों में कनकशन होने पर खिलाड़ियों को न्यूनतम सात दिन तक बाहर रहना होगा**

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा की जिसमें कनकशन से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का स्टैंड डाउन समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतराष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरूआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी। कनकशन (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं।

# लीग में बने रहने के लिए भारतीय टीम का जीतना जरूरी

एजेंसी



बर्लिन। भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी।

लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम (एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मैच) के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई। भारत अब शनिवार और रविवार को चौथे स्थान पर काबिज चीन के खिलाफ लगातार दो मैचों में जीत के साथ अपने प्रो लीग अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण मैच हैं लेकिन हम भारतीय पुरुष टीम से प्रेरणा लेंगे, जिसने बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया था। उन्होंने कहा प्रो लीग में खेलना हमारे लिए सीखने का एक अच्छा अनुभव रहा है, लेकिन कई ऐसे पहलू हैं जिन पर हमें एक टीम के रूप में काम करने की जरूरत है। हम स्वदेश लौट कर अपने प्रदर्शन पर आत्ममंथन करेंगे लेकिन अभी हमारा ध्यान चीन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने पर है।

भारत ने चीन के खिलाफ जो पिछला मैच खेला था उसमें जीत हासिल की थी। उसने पूल चरण में चीन को 3-0 से हराया था। इसके अलावा वह पिछले साल नवंबर में बिहार में खेली गई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के करीबी फाइनल (1-0) में मिली जीत से भी प्रेरणा हासिल करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम को भले ही लगातार छह हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उसने यहां अच्छी और आक्रामक हॉकी खेली। लेकिन शुरुआत में मिले मौकों का फायदा उठाने और पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने में असफल रहने के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा।

दीपिका पर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का बहुत अधिक दबाव था जिससे उनका खेल प्रभावित हुआ। भारतीय मिडफील्ड ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया। सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनलिता टोप्पो, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा जैसी खिलाड़ियों ने अग्रिम पंक्ति के लिए पर्याप्त मौके बनाए। लेकिन स्ट्राइकरों ने भारत को निराश किया क्योंकि नवनीत, दीपिका, बलजीत कौर और अन्य खिलाड़ियों को गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। रक्षा पंक्ति में सुशीला चानू, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छेत्री और सुमन देवी तौदाम ने कई गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। भारतीय टीम को अगर चीन के खिलाफ दोनों मैच में जीत हासिल करनी है तो उसे गलतियों से बचकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**यूरोप जाने के पहले ही सोच लिया था कि अब विदा लेने का समय आ गया है : ललित उपाध्याय**

नयी दिल्ली। पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिये कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली।

ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिये। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है। यह पूछने पर कि क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया।

